## संक्षिप्त खबरें

### सांसद और भारत पेट्रोलियम ने बच्चों को बांटे स्कूली बैग



प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। शनिवार को पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से फतुहा और दनियावां प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों गयासरवाहनपुर, अखड़िया, कोल्हर और आंगनबाड़ी केंद्र फजल्लीचक, बांकीपुर मछरियावां में 1 से 5 क्लास तक के बच्चों को स्कूल बैग वितरण किया। इसका नेतृत्व कामेश्वर पासवान ने किया।

### स्वच्छता ही सेवा जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत किये गये वृक्षारोपण

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल शनिवार को स्वच्छता ही सेवा कैम्पेन के अंतर्गत दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कॉलोनियों तथा कार्यस्थलों पर, कॉलोनी में रहने वाले निवासियों एव रेल कर्मचारियों एवं रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दानापुर के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा वृहद् रूप में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया

### पदयात्रा मार्च निकाल दिया शांति का संदेश



पटना सिटी (प्राकि)। शांति समिति के सदस्य सह संयोजक शम्मी कपूर के नेतृत्व में विश्व शांति दिवस पर शनिवार को मालसलामी के ओपी साह सामुदायिक भवन से पदयात्रा मार्च निकाला गया। अमन व शांति का संदेश लेकर निकला पदयात्रा मार्च मालसलामी, मसूरगंज, मारूफगंज, हाजीगंज, झाऊगंज, चौक से होते हुए श्री गुरु गोविंद सिंह पथ के रास्ते चौकशिकारपुर पहुंचा। यहां से चैनपुरा कुशवाहा पंचित बैठका पहुंच कर समाप्त हुआ। मार्च में डॉ विनय कुमार, प्रदीप कुमार, राजेश ठाकुर, विश्वनाथ चौधरी सहित महिलाएं भी शामिल थीं। यह सब समाज में आपसी प्रेम और भाईचारा बरकरार रखने की अपील कर रहे थे।

# 16 को पटना सिटी में कौमुदी महोत्सव का होगा भव्य आयोजन :डीएम ने बैठक कर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के सहयोग से पटना सिटी में 16 अक्टूबर को कौमुदी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में इसके सफल आयोजन के लिए बैठक की गई। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव के आयोजन को 15 कोषांगों का गठन किया गया है। सभी कोषांगों के पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। पाटलिपुत्र परिषद् के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर सभी कार्यों को गुणवतापूर्ण ढंग से एवं ससमय पूरा किया जाएगा।डीएम डॉ सिंह ने कौमुदी महोत्सव के सफल आयोजन को 15 कोषांगों का गठन किया है। इसमें आयोजन समिति कोषांग, कलाकार चयन समिति कोषांग, मंच समन्वयक, उद्घोषक चयन आदि कोषांग, यातायात एवं वाहन पार्किंग कोषांग, साफ-सफाई कोषांग, मोमेंटो, आमत्रंण कार्ड मुद्रण एवं वितरण, स्मारिका कोषांग, नयाचार/सीटिंग प्लान कोषांग, पेयजल, शौचालय कोषांग, विद्युत व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति कोषांग, बैरिकेडिंग एवं डी एरिया निर्माण कोषांग, फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी कोषांग, चिकित्सा व्यवस्था कोषांग, अग्निशाम व्यवस्था कोषांग, विधि-व्यवस्था कोषांग और प्रचार-प्रसार, फ्लैक्स/बैनर कोषांग।कौमुदी महोत्सव के लिए अपर जिला दंडाधिकारी (सामान्य) को वरीय नोडल पदाधिकारी तथा जिला नजारत उप समाहर्ता एवं पटना सिटी अनुमंडल पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। बैठक में महोत्सव के लिए कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा हुई। डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि कौमुदी महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। ख्याति-प्राप्त कलाकारों द्वारा भव्य कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जाएगा। स्थानीय कलाकारों को प्रमुखता दी जाएगी। संस्कृति कर्मियों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक विरासत परंपरा एवं रीति-रिवाज पर आधारित सुगम संगीत तथा क्लासिकल नृत्य पेश किया जाएगा।डीएम ने सभी संबद्ध पदाधिकारियों को बेस्ट इवेंट मैनेजमेंट के लिए सजग एवं सक्रिय रहने का निदेश दिया। उन्होंने इन कोषांगों के साथ सम्बद्ध पदाधिकारियों को सभी अपेक्षित कार्यों को ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना सुनिश्चित करने का निदेश दिया है। उन्होंने पदाधिकारियों को आवश्यक समन्वय कायम रखते हुए प्रदत्त दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने को कहा है। डॉ सिंह ने कहा कि कौमुदी महोत्सव, 2024 का भव्य आयोजन किया जाएगा।डीएम डॉ सिंह ने कहा कि महोत्सव के अवसर पर उत्तम भीड़ प्रबंधन, सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था तथा उत्कृष्ट यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। विधि-व्यवस्था संधारण को दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। माननीय जनप्रतिनिधियों एवं गण्यमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। डीएम डॉ सिंह ने आम लोगों से कौमुदी महोत्सव में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया है। बैठक में डीएम के साथ एसएसपी राजीव मिश्रा, डीडीसी समीर सौरभ, एसओआर, सिविल सर्जन, अपर जिला दंडाधिकारी, सामान्य, महाप्रबंधक, पेसू, पाटलिपुत्र परिषद्, मंगल तालाब, पटना सिटी के प्रतिनिधि एवं अन्य भी उपस्थित थे।

# भद्र घाट-दमराही घाट पाथ-वे का फुटपाथ होगा ऊंचा : नीतीश

**नंदकिशोर यादव की पहल पर सीएम ने कहा जिस घाट पर पानी रोड पर आता, वहां ऊंची दीवार**

पटना सिटी ( आनन्द केसरी )



जब जब गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ता है, तब-तब भद्र घाट से लेकर दमराही घाट के बीच गंगा नदी के अनेक घाट के किनारे पानी रोड पर आ जाता है। इससे वाहनों का परिचालन प्रभावित होता है और लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। मगर अगले साल से गंगा के पानी में वृद्धि होने के बाद भी न तो रोड पर पानी आएगा और न ही वाहनों का परिचालन बंद हो सकेगा। दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गंगा नदी के बढ़े जलस्तर का जायजा जेपी सेतु से ले रहे थे। उनके साथ बिहार विधानसभा के अध्यक्ष सह पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के विधायक नंदकिशोर यादव भी थे। सभी गांधी घाट से होते हुए गायघाट होते कंगन घाट तक गंगा नदी के दोनों छोर की तरफ बढ़ते पानी और लोगों के अस्त-व्यस्त दिनचर्या को देखने का काम किया। मुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान नंदकिशोर यादव ने कहा कि दरअसल भद्र घाट, महावीर घाट, मितन घाट, हीरानंद साह घाट, पीरदमड़िया घाट, दमराही घाट जैसे कुछ घाट हैं, जहां गंगा का जलस्तर बढ़ने पर पानी जल्द ही रोड पर आ जाता है। इससे वाहनों का परिचालन बंद कर दिया जाता है। लोगों को स्नान-ध्यान, पूजा-पाठ आदि कर्मकांड करने में तो परेशानी होती ही है, साथ ही अन्य परेशानियां भी बढ़ जाती हैं। जब सीएम नीतीश कुमार ने इसका विकल्प पूछा, तो विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि जिन-जिन घाटों पर गंगा नदी का पानी गंगा पाथ-वे पर आता है, वहां गंगा से सटे फुटपाथ के पास फुटपाथ को ऊंचा कर दिया जाए या फिर उससे सटे दीवार खड़ी कर दी जाए। इससे गंगा नदी का पानी भद्रघाट से दमराही घाट के बीच पाथ-वे पर नहीं आ पाए और लोगों को परेशानी नहीं होगी। मौके पर ही मुख्यमंत्री ने इस समस्या को दूर करने के सुझाए गए को पूरा करने की बात कही और कहा कि बरसात के बाद इस काम के लिए टेंडर निकाल कर काम शुरू करा दिया जाए, ताकि लोगों को अगले साल से गंगा के जलस्तर में वृद्धि होने पर परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। दरअसल मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव यहां भ्रमण करने के बाद जेपी सेतु से होते हुए हाजीपुर की ओर भी गए। वहां दियारा क्षेत्र का भी भ्रमण किया। वहां चल रहे राहत शिविर और भोजन शिविर का भी जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने भी साथ रहे पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से लेकर गंगा के पानी से प्रभावित लोगों की चिंता करने, उन सबों की व्यवस्था करते हुए समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के काफिले के साथ विभिन्न विभाग के अधिकारियों की टीम भी थी। दरअसल मुख्यमंत्री जेपी सेतु से कंगन घाट तक गंगा नदी के दक्षिण की ओर बढ़े पानी का जायजा लेने के लिए आए थे। उसके बाद इसी रास्ते से वह सब वापस लौट गए।

# गंगा नदी के पानी से गिरे लोगों के बीच खाद्य सामग्री बांटा

**ट्रैक्टर की मदद से झोपड़ी व पक्का मकान में रहने वाले को दिया पैकेट**

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता



कंगन घाट और उसके सटे पश्चिम हिरण शाह घाट में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही उत्तर की ओर पानी फैल गया है। इस कारण से घाट किनारे रहने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। लोगों को आवश्यक सामान को लाले पड़ रहे हैं। खासकर खाने-पीने का सामान, रसोई गैस, चिकित्सा, दवा की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में लोगों की तकलीफ को ध्यान में रखते हुए गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत के प्रमुख बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले और जत्थेदार बाबा सुखविंदर सिंह के निर्देश पर स्थानीय प्रमुख बाबा गुरविंदर सिंह ने खाद्य सामग्री की सेवा गंगा के पानी से घिरे घर, झोपड़ी और गोदाम से लेकर खटाल में रह रहे लोगों के बीच पहुंचाने का काम किया। बाबा गुरविंदर सिंह ने कहा कि भोजन का पैकेट बना कर ट्रैक्टर के डाला पर रखा गया। इसके बाद गुरु महाराज का अरदास कराया गया। इसके बाद कथावाचक ज्ञानी सतनाम सिंह, दीपक लांबा, चमकौर सिंह, बलविंदर सिंह, भीम सिंह, तारा सिंह एवं अन्य कंगन घाट की ओर इस ट्रैक्टर से प्रस्थान किए। इस दौरान घूम-घूम कर लोगों के घर और झोपड़ियां के पास जाकर भोजन का पैकेट देने का काम किया। लाभार्थियों ने इसकी सराहना की और कहा कि सरकार और प्रशासन से पहले गुरुद्वारा बाललीला की टीम खाद्य सामग्री से ही सही, मदद करने को पहले पहुंची है।

# बेटा को शादी की नीयत से अगवा करने का लगाया आरोप

●प्रेमिका से किया शादी, रखने पर घर लौटने की बात कह रहा शिवम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



मंगल तालाब चीक टोली के रहने वाले मनोज कुमार ने चौक थाना को लिखित आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि उसके बेटे शिवम कुमार को अज्ञात लोगों के द्वारा शादी की नीयत से अपहरण कर लिया गया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि शिवम शास्त्री नगर से लड़की को लेकर भागा है। वह कह रहा है कि वह घर नहीं लौटेगा। वह प्रेमिका से शादी भी कर लिया है। पिता मनोज कुमार ने कहा है कि उनका पुत्र शिवम 16 सितंबर को मोटरसाइकिल बीआर 01एफडी 1864 से सुबह 10 बजे पटना जाने की बात कह कर घर से निकला। जब वह शाम तक नहीं लौटा, तो उसके मोबाइल पर कॉल किया गया। इस पर उसने कहा कि वह रात आठ-नौ बजे तक घर लौट आएगा। मगर दिए गए समय पर भी वह घर नहीं आया। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। वह सब परेशान हो गए। लगातार उसके मोबाइल पर कॉल करने के बाद भी मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था। परिजनों ने रिश्तेदारों और अन्य जान-पहचान के लोगों के यहां भी संपर्क किया, मगर उसका कुछ पता नहीं चल पाया। इस बीच 17 सितंबर को एक मोबाइल नंबर से उसके छोटे बेटे के मोबाइल पर घंटी बजी। रिसीव करने पर कहा गया कि तुम लोग शिवम को खोजना बंद कर दो। हम सब तुम्हारे भाई की शादी करा दिए हैं। साथ ही धमकी दी कि अधिक तेज बने, तो शिवम एवं मोटरसाइकिल दोनों से हाथ धोना होगा। उन सबों को पूरा विश्वास है कि जिस नंबर से कॉल किया गया है, उसके बेटे को शादी की नीयत से कहीं छुपा कर रखा है। इस संबंध में जब चौक थाना के थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा से बात की गई, तब उन्होंने कहा कि शिवम खुद लड़की को लेकर भागा है। वह शास्त्रीनगर की रहने वाली है। बाप-बेटे के बीच लगातार बात हो रही है। बेटा कह रहा है कि वह नहीं लौटेगा और वह उस लड़की से शादी भी कर चुका है। यदि परिवार के लोग उन दोनों को स्वीकार कर लेंगे, तभी वह लौटने के बारे में सोच सकता है। फिलहाल पुलिस दोनों की तलाश में लगी है।

# गंगा नदी के बढ़ रहे जल स्तर से लोगों की परेशानी बढ़ी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका असर यह है कि महावीर घाट, मित्र घाट, कंगन घाट, हीरानंद साह घाट, किला रोड घाट, दमराही घाट, पत्थर घाट, पीरदमरिया, घाट समेत अन्य गंगा घाटों के किनारे रहने वालों की परेशानियां बढ़ गयी हैं। कंगन घाट गुरुद्वारा वाले मार्ग में गंगा का पानी जमा होने के कारण लोगों को पैदल आवाजाही करने में मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि कुछ लोगों ने गंगा नदी में चलने वाले नाव को कंगन घाट से कच्ची घाट के बीच सड़क पर उतार कर आवाजाही कर रहे हैं। प्रशासन ने बेरेकेटिंग करा वाहनों का परिचालन रोक दिया है। घाट के पास रहने वाले डरे हुए हैं। लोगों का कहना है कि गंगा के जलस्तर में वृद्धि से घरों में भी पानी आ गया है।

इस कारण से घर से बाहर निकलने और पशु के लिए चारा की व्यवस्था करने में परेशानी हो रही है। गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि का असर यह है कि प्रशासन ने चौकसी बढ़ा दी है। एसडीओ सत्यम सहाय ने बताया कि गंगा के जलस्तर में हो रही वृद्धि पर निगरानी रखी जा रही है। एसडीआरएफ को भी निर्देशित किया गया है। अचंलाधिकारी व थानाध्यक्षों के साथ वह खुद निगरानी कर रहे हैं। एसडीओ ने एएसपी अतुलेश झा के साथ गंगा घाटों का निरीक्षण कर वहां की स्थिति का जायजा लिया है। गंगा स्नान करने वालों के साथ पूजा-पाठ व अन्य कर्मकांड करने वालों की मुश्किलें भी बढ़े जलस्तर से बढ़ गयी हैं। स्थिति यह है कि गंगा तट पर रहने वाले सैंकड़ों मकान में पानी प्रवेश कर गया है। इससे भी लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है।

# पूर्व सांसद रामकृपाल यादव ने बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री वितरण किया

प्रात :किरण संवाददाता





दानापुरः नगर के अंतर्गत शनिवार को दियारा वासियों के बीच पूर्व सांसद रामकृपाल यादव भीष्म बाढ़ की समस्या से जूझ रहे दियारा वासियों को देखने सुबह से ही नकटा पंचायत होते हुए मानस पंचायत के मानस गांव में एवं विशुनपुर, पानापुर, काशिमचक, गंगहारा में लोगों की समस्या को नजदीकी से समझने की कोशिश करते हुए बाढ़ पीड़ितों के बीच में राहत सामग्री का चुड़ा, गुर, मोमबत्ती, माचिस एवं बच्चों के बीच बिस्कुट वितरण किया और लोगों की परेशानीयों को नजदीकी से देख लोग बहुत ही असहज महसूस कर रहे है। वहीं से पूर्व सांसद ने स्थानीय पदाधिकारीयों से बात भी किया ताकि समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके ।बाढ़ग्रस्त इलाकों में मरीज, बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों के साथ साथ मवेशियों की स्थिति का मुआयना कर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा से दियारा को बाढ़ घोषित कर शीघ्र ही बाढ़ पीड़ितों के बीच सरकार के द्वारा राहत सामग्री वितरण करना चाहिए।पूर्व सांसद इसी दौरान तीन दिन पहले बाढ़ में नहाने के दौरान डूबने से अजीत शर्मा की मौत हुई थी आज उनके घर पर जाकर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिलाया वहीं दूसरी तरफ मानस गांव की महिला की कल डूबने से मौत होने की सूचना पर पीड़ित परिवार के परिजनों से मिलने पहुंचे और सरकार से जल्द से जल्द मृतक के परिजनों को आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा मिलने वाली चार लाख राशि शीघ्र ही सरकार एलान करना चाहिए। वही स्वास्थ्य विभाग डॉक्टरों की टीम गठित कर दवाईयां हर पंचायत में एवं गांवों में डाक्टर कैम्प करें ताकि बाढ़ पीड़ितों को राहत मिल सके। इस मौके पर भाई सनोज यादव, अजीत यादव, बिजेंद्र यादव, रंजीत यादव, टिंकू माही, लाल साहब चंद्रवशी, ब्रजेश शर्मा, जितेन्द्र कुमार, दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छापेमारी कर जब्त किया 554 लीटर स्प्रिट, तीन गिरफ्तार चोरी में एक पकड़ाया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बहादुरपुर थाना की पुलिस ने अलका कॉलोनी स्थित एक मकान में छापेमारी कर 554 लीटर स्प्रिट बरामद किया है। वहीं मालसलामी थाना की पुलिस ने चोरी के मामले में एक को गिरफ्तार किया है। बहादुरपुर थाना के थानाध्यक्ष पुर्णेंदू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी के आधार पर छापेमारी की गई। छापेमारी में टीम ने संदलपुर के रहने वाले रणधीर कुमार, बेलवरगंज का रहने वाला सुमित कुमार और खेमनीचक निवासी अभिमन्यु कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस दौरान एक बाइक और ऑटो को भी जब्त किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त किए गए स्प्रिट के मामले में पुलिस टीम हर बिंदु पर पूछताछ और छानबीन कर रही है। यह इस कारण से कि पता लगाया जा सके कि स्प्रिट का उपयोग किस काम में हो रहा था। आशंका है कि अवैध शराब निर्माण में स्प्रिट का इस्तेमाल होता होगा। दूसरी ओर मालसलामी थाना की पुलिस ने चोरी के मामले में एक को गिरफ्तार किया है। वह नूरपुर का रहने वाला विशाल कुमार है। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि 13 अगस्त को कांड 375/24 गृहभेदन में पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का बढ़ा मान-सम्मान : नंदकिशोर



●विधान सभाध्यक्ष ने स्कूली बच्चों को बीच पाठ्य सामग्रियों का किया वितरण, पौधारोपण भी किया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देश में सेवा पखवारा मनाया जा रहा है। इसके तहत विधानसभा अध्यक्ष सह पटना साहिब विस क्षेत्र के विधायक नंदकिशोर यादव और सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने उदरहवांपुर कन्या विद्यालय में पांच सौ से अधिक छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री एवं स्कूल बैग का वितरण किया। साथ ही विद्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वैश्विक फलक पर भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। आज पूरा विश्व भारत को उम्मीद भरी नजरों से देखता है, क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी ने संकट के समय दुनिया के अनेक देशों को मदद पहुंचाई है। सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है। इसमें कोई संदेह नहीं कि 2047 में भारत की गिनती विश्व के विकसित देशों में होगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की पहचान आज दुनिया में ग्लोबल लीडर के रूप में है और शीघ्र ही भारत विश्व गुरु बनेगा। सेवा पखवारा के मौके पर पूर्व उप महापौर रूप नारायण मेहता, प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, वार्ड पार्षद उषा देवी, सुरेश सिंह पटेल, महानगर के महामंत्री विनय केसरी के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के तहत प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

पटना। बिहार के विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर पोषण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित कर शिशुओं, किशोरियों और महिलाओं के स्वास्थ को लेकर विभिन्न तरह की गतिविधियां चलाई जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को भी कई जिलों में पोषण जागरूकता अभियान चलाया गया।बाल विकास परियोजना पटना सदर-दो के आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण माह अन्तर्गत अन्नप्राशन दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण भी किया गया। वहीँ, नवादा के बाल विकास परियोजना नरहट के आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण माह अन्तर्गत एनीमिया कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें किशोरियों और महिलाओं की एनीमिया जांच एवं फालो अप कार्रवाई की गई।साथ ही एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण भी किया गया। नवादा जिले के ही बाल विकास परियोजना,वारसलीगंज में पोषण माह अन्तर्गत पोषण मेला का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी सेविकाओं और जनमानस ने भाग लिया। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाली सेविकाओं को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

# बिहार भाजपा बढ़-चढ़ कर अपनी उपस्थिति सदस्यता में दर्ज कराएगा : भानू प्रताप

●भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने सदयता कैंप लगा लोगों को दिलाया सदस्यता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश संयोजक सतीश राजू की अध्यक्षता में पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के खाजेकलां में भाजपा का सदस्यता कैंप लगाया गया। इसमें मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री भानू प्रताप सिंह वर्मा एवं बिहार विधानसभा के अध्यक्ष सह पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के विधायक नंदकिशोर यादव शामिल हुए। उपस्थित लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाया गया। उक्त अवसर पर पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री भानू प्रताप ने कहा कि भाजपा अभी 10 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इसका पूरा श्रेय भाजपा के कार्यकताओं के अथक परिश्रम को जाता है। अभी भाजपा अपना संगठन पर्व सदस्यता अभियान चला रही है और मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार पिछली बार की अपेक्षा और अधिक सदस्य बनेंगे और बिहार भाजपा इसमें बढ़-चढ़ कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। जिस प्रकार आज भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा कैंप लगा कर स्थानीय लोगों को सदस्यता दिलाई गई, यह सराहनीय कार्य है। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़ कर अधिक से अधिक सदस्य बनाने में लगा है, ताकि बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल द्वारा दिए गए एक करोड़ से अधिक सदस्य बनाने के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। श्री यादव ने कहा की भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ सभी जिलों में कैंप लगा कर स्थानीय लोगों को सदस्यता ग्रहण करवा रही है, यह इस बात की पुष्टि करता है कि भाजपा का हर एक कार्यकर्ता सदस्यता अभियान को संगठन पर्व के रूप में मना रहा है। भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता अधिक से अधिक सदस्य बनाने में लगे हैं, ताकि बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जायसवाल द्वारा दिए गए एक करोड़ से अधिक सदस्य बनाने के लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त कर सकें। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, क्रीड़ा प्रकोष्ठ के सह संयोजक धीरेंद्र सिन्हा, मुकेश पासवान, राजीव रंजन यादव, जयप्रकाश मेहता, विकाश कुमार गोल्डी, निलेश दत्त तिवारी, कंचन, संजीव यादव बिन्नी, रंजीत यादव, विनय केसरी आदि इस दौरान उपस्थित थे।

### महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया पीआरएस डाटाबेस केंद्र का शुभारंभ

प्रात :किरण संवाददाता

पटना/ हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना में यात्री आरक्षण प्रणाली डाटाबेस केंद्र (पीआरएस डाटाबेस केंद्र) का शुभारंभ किया गया । यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) से संबंधित सभी ऑनलाइन गतिविधियाँ, जो अब तक कोलकाता स्थित डाटाबेस में की जाती थीं, उन्हें अब पटना में किया जाएगा। इससे कोलकाता डाटाबेस पर पूर्व मध्य रेल की निर्भरता नहीं रहेगी। इसके प्रारंभ हो जाने से नियत समय पर ट्रेनों की चार्टिंग, ट्रेनों के कोचों में किसी तरह के बदलाव, गाड़ियों का निरस्तीकरण/मार्ग परिवर्तन सहित रेल परिचालन से जुड़ी समस्त जानकारी अब अद्यतन रूप से उपलब्ध होगी । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी तथा दानापुर मंडल एवं मुख्यालय के वरिष्ठ उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे।

# तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार बलदेव सिंह को मिली जान से मारने की धमकी

●सुरक्षा की मांग को लेकर पुलिस अधिकारियों को भेजा पत्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जन्मस्थली तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह को जान से मारने की धमकी मिली है। इस संबंध में उन्होंने जान-माल की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन के अधिकारी व पदाधिकारी को आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की है। जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों एसएसपी, एसडीओ, एसडीपीओ-2 और चौक थाना के थानाध्यक्ष को आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को दिए आवेदन में कहा है कि उनका भतीजा दीपक सिंह गैस ऑपरेटर के तौर पर पटना साहिब गुरुद्वारा में काम करता है और सेवादार कल्याण समिति में पदाधिकारी भी है। वह गुरुद्वारा गुरु के बाग स्थित कर्मचारी आवास में रहता है। 17 सितंबर को वह गंगा पाथ-वे से तख्तश्री पटना साहिब के लिए आ रहा था। इसी दौरान रास्ते में दमराही घाट और पीरदमरिया घाट के बीच बाइक पर सवार दो अज्ञात युवक उनके भतीजा दीपक को रोका। इस दौरान उससे पूछा कि क्या तुम जत्थेदार बलदेव सिंह के भतीजा हो। हमें उन्हें जान से मारने की सुपारी मिली है। उनकी हत्या हो सकती है। यह बात कह कर दोनों युवक आगे की ओर बढ़ गए। धमकी के बाद डरा हुआ उनका भतीजा दीपक सिंह ने यह बात उनके बड़े पुत्र मनजीत सिंह को कही। इस बात के फैलने के साथ ही पूरा परिवार डर और दहशत के बीच आ गया है। जत्थेदार भाई बलदेव सिंह का कहना है कि वह बाड़े की गली स्थित जौहरी निवास में रहते हैं। सुबह और शाम को दरबार साहिब में सेवा के लिए आते-जाते रहते हैं। अनेक अनजान लोगों से उनकी मुलाकात भी होती है। उनकी सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा है। पूर्व में भी उनके पुत्र धर्मेंद्र सिंह को जान मारने की धमकी मिल चुकी है। इस संबंध में चौक थाना के थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि जत्थेदार के द्वारा भेजा गया आवेदन थाना को प्राप्त हुआ है। मामले की छानबीन और पूछताछ की जा रही है।

# पुनौरा धाम में माता जानकी मंदिर का पुनर्विकास कार्य भव्य ढंग से करायें:नीतीश

## मुख्यमंत्री ने पुनौरा धाम के पुनर्विकास से संबंधित परियोजना की समीक्षा की, अधिकारियों को दिए निर्देश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में पुनर्विकास कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने प्रस्तावित कार्य योजना की प्रस्तुति के माध्यम से उसकी विशेषताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान इस परियोजना से संबंधित एक लघु फिल्म दिखाई गई। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनौरा धाम में माता जानकी मंदिर का पुनर्विकास कार्य भव्य ढंग से कराएं, इसके लिए हर प्रकार का सहयोग राज्य सरकार की ओर से दिया जाएगा। जब पुनौरा धाम में माता जानकी का पुनर्विकास कार्य भव्य ढंग से हो जायेगा तो अयोध्या में राम मंदिर का दर्शन करनेवाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में पुनौरा धाम आएंगे और माता जानकी का दर्शन करेंगे। माता जानकी का दर्शन करनेवाले श्रद्धालु भी अयोध्या जायेंगे। पुनौरा धाम और अयोध्या की सीधी सम्पर्कता से भगवान राम और माता जानकी दोनों का दर्शन श्रद्धालुओं के लिये सुलभ होगा। उन्होंने एन०एच०ए०आई० के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रस्तावित राम जानकी पथ का निर्माण तेजी से करायें ताकि सीतामढ़ी से सीधा कनेक्टिविटी स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि परिसर में जो तालाब है उसमें घाटों का भी निर्माण बेहतर ढंग से कराएं। मंदिर परिसर का सौंदर्गीकरण सुनियोजित तरीके से कराएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जल-जीवन-हरियाली अभियान को ध्यान में रखते हुए परिसर में हरियाली और जल की पर्याप्त उपलब्धता रहने से यह मंदिर परिसर हरा-भरा और सुंदर दिखेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, निदेशक पर्यटन विनय कुमार तथा एनएचएआई के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम ने स्व भोला पासवान शास्त्री की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व भोला पासवान शास्त्री की जयंती के अवसर पर श्रीकृष्ण स्मारक भवन परिसर में आयोजित राजकीय समारोह में स्व भोला पासवान शास्त्री जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष श्री नन्द किशोर यादव, सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व भोला पासवान शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन-कीर्तन एवं बिहार गीत का गायन किया गया।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ बिहार भाजपा का महाधरना

### आरक्षण विरोधी मानसिकता के लिए देश से माफी मांगे : विजय



- भाजपा के रहते आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा : रविशंकर
- संविधान खत्म करने की बात कर राहुल ने देश को किया गुमराह : भानु प्रताप

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार भाजपा आज लोकसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व कांग्रेस के अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा विदेश में आरक्षण के विरोध में दिए गए बयान को लेकर प्रदेश कार्यालय के बाहर महाधरना दिया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से इस महाधरना कार्यक्रम में काँग्रेस के नेता राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान वक्ताओं ने कांग्रेस को आरक्षण विरोधी बताया। महाधरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी कभी आरक्षण के बारे में नहीं सोच सकते हैं। अंतिम व्यक्ति का कैसे भलाई हो उसके बारे में राहुल कभी नहीं सोच सकते हैं। राहुल की मानसिकता से साफ झलकता है कि वे आरक्षण विरोधी हसिह। जिस प्रकार उन्होंने विदेश में आरक्षण के मुद्दे पर बयान दिया कहीं न कहीं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ये लोग लोग अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों का हित नहीं चाहते हैं। ये लोग लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं। राहुल गांधी ने जो आरक्षण विरोधी मानसिकता अमेरिका में दिखाई उसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल आरक्षण और दलित विरोधी हैं। राहुल कभी नहीं सोच सकते हैं कि दलित वंचित को कैसे भलाई हो। उनकी दादी स्व. इंदिरा गांधी और पिता स्व. राजीव गांधी यहीं किया करते थे। जबतक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में काबिज हैं तबतक कोई संविधान और आरक्षण खत्म नहीं कर सकता है। इस महाधरना कार्यक्रम के बाद आयोजित एक प्रेस वार्ता में पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान आरक्षण और संविधान के समाप्त करने को लेकर जिस तरह राहुल गांधी ने देश को गुमराह किया था, उसकी हकीकत अमेरिका में दिए गए उनके बयान से सामने आ गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज ही नहीं कभी भी आरक्षण की हितैषी नहीं रही है। पंडित नेहरू के दौर में भी काँग्रेस आरक्षण विरोधी थी और आज भी वह आरक्षण विरोधी है। इस महाधरना कार्यक्रम में पूर्व विधायक ज्ञानचंद्र मांझी,कन्हैया रजवार,बेबी कुमारी,मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष योगेंद्र पासवान, ललन पासवान,सुबोध पासवान, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बलराम मंडल, कुंअर विजय पासवान,मनोज चौधरी ,प्रदीप राउत,संजय राम,अनामिका पासवान,सोनेलाल पासवान,आनंद राम, सविनय पासवान,गजेंद्र पासवान,विशंभर पासवान सहित सैंकड़ों कार्यकता समर्थक उपस्थित थे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए लखेन्द्र पासवान ने कहा कि राहुल गांधी के बयान से काँग्रेस का चाल, चेहरा और चरित्र सामने आ गया है। संवैधानिक संस्था को बदनाम करने वाले कांग्रेस, राजद के लोगों की दिल की बात जुबां पर आ गई है। यह संविधान विरोधी और आरक्षण विरोधी लोग हैं। प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमीत प्रकाश बबलु ,अनुसूचित मोर्चा प्रभारी प्रवीण तांती,अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कुंअर विजय पासवान, मनोज चौधरी,संजय राम,मोर्चा उपाध्यक्ष प्रदीप राउत जी उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार बनते ही घुसपैठ के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : सम्राट



गिरिडीह/पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गिरिडीह में भाजपा की परिवर्तन यात्रा महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिस झारखंड राज्य का गठन अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने कराया था, उसे हेमंत सोरेन, लालू प्रसाद और राहुल गाँधी मिल कर लूट रहे हैं। उन्होंने राज्य में भाजपा सरकार बनाने की अपील की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही इस राज्य को घुसपैठ, पेपर लीक, बेरोजगारी और जंगलों की लूट से बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पेपर लीक के तमाम मामलों में सख्त कार्रवाई होगी। श्री चौधरी ने कहा कि लालू प्रसाद उस समय मुख्यमंत्री थे जब झारखंड बिहार का हिस्सा था। उन्होंने राज्य की सम्पदा ही नहीं, पशुओं का चारा तक लूटा। बाद में झामुमो की सरकार में शामिल राजद झारखंड की बबादी और लूट का साझेदार बना रहा। बिहार के उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन और लालू प्रसाद ने झारखंड को आदिवासी जनकल्याण की जगह इसे घुसपैठिया कल्याण वाला राज्य बना दिया। श्री चौधरी ने हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया और कहा कि इन्होंने प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी देने का वादा पूरा नहीं किया। युवाओं को नौकरी देने की जगह इन्होंने ऐसा नियम लागू किया कि दौड़ लगाते-लगाते युवाओं की मौत हो रही है। श्री चौधरी ने कहा कि झारखंड में प्रतियोगिता परीक्षाओं के पेपर लगातार लीक हो रहे हैं। युवाओं को बर्बाद किया जा रहा है। एकेडमिककाउंसिल, जूनियर इंजीनियर, लैब असिस्टेंट, नगरपालिका, ग्रेजुएट लेवल कीनौकरी और जेपीएससी के पेपर लीक हुए। सच तो यह है कि यहां पैसा लेकर पेपर बांटे जा रहे हैं।

### जयंती पर याद किये गये भोला पासवान शास्त्री

पटना। लोजपा रामविलास के राज्य मुख्यालय पटना में रविवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, महान देशभक्त, स्वतंत्रता सेनानी भोला पासवान शास्त्री की जयंती समारोह धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक राजू तिवारी ने भोला पासवान शास्त्री के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रदेश अध्यक्ष ने उनके संघर्षों और देश सेवा में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। आगे श्री राजू तिवारी ने कहा कि भोला पासवान शास्त्री का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है, जिन्होंने अपने सिद्धांतों और ईमानदारी से समाज के बेहतरी के लिए अद्वितीय योगदान दिया। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि माल्यार्पण करने वालों में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डाः सत्यानंद शर्मा,डाः शाहनवाज अहमद कैफी युवा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी, विष्णु पासवान, मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट प्रदेश महासचिव चंदन पासवान, सचिव दिलीप यादव, युवा प्रदेश महासचिव पिंटू पासवान, कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश भारती, सह कार्यालय प्रभारी सुरेश पासवान और प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार सहित पार्टी के अनेकों नेता शामिल थे।

# नदियों के जलस्तर में वृद्धि पर पैनी नजर : विजय

- पथ निर्माण के अभियंता पथों की नियमित कर रहे निगरानी
- कंट्रोल कमांड सिस्टम भी पथ निर्माण विभाग में 24 घंटे कार्यरत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राज्य में कई नदियों के जलस्तर में लगातार हुई वृद्धि को लेकर उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा भी की। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि कई स्थानों पर नदियों के जलस्तर बढ़ने से पथों पर पानी आ गया है, जिससे आमजनों को यातायात में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए विभागीय अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि ऐसे पथों के दोनों ओर बालू भरे बोरो को अविलंब लगाया जाय, ताकि पथों पर जल जमाव को रोका जा सके और आमजन सुचारु रुप से यातायात कर सके। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि ऐसे ही जल जमाव की सूचना पटना-बख्तियारपुर हाईवे पर होने की सूचना मिलते ही मुख्य अभियंता एवं अभियंताओं के दल के साथ मैंने स्थलीय निरीक्षण किया और समस्या के निराकरण हेतु तुरंत कार्रवाई करने का निदेश दिया। श्री सिन्हा ने बताया कि बरसात के दिनों में कई जिलों में ऐसी समस्याएं हो जाती है, इसके स्थायी समाधान हेतु भी एक रोड मैप तैयार करने का निदेश मैंने विभाग के वरीय पदाधिकारियों को दिया है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि पथ निर्माण विभाग के अभियंता सभी जिलों में नदियों के जलस्तर पर नजर बनाये हुए है, कहीं भी समस्या होने पर शीघ्र कार्रवाई की जायेग। श्री सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इसका लगातार अनुश्रवण कर रहे है। आपदा प्रबंधन विभाग भी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

### बाढ़ और कटाव से निपटने के दावों की खुली पोल : अरुण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव कहा कि बाढ़ और कटाव की विभीषिका से निपटने की सरकार की सारे दावों की पोल खुल गई। राजद प्रवक्ता ने कहा कि 17 साल से बिहार में जदयू-बीजेपी मिलकर सरकार चला रही है, फिर भी राज्य की जनता को बाढ़ कटाव से निजात नहीं दिला सकी। सरकार ने राज्य की जनता की गाढ़ी कमाई को बाढ़, कटाव और तटबंध निर्माण के नाम पर सिर्फ लूटने का काम किया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि राज्य के दर्जनों जिले की लाखों-लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है। जिसके कारण बाढ़ पीड़ित परिवारों का जान, माल, फसल, मवेशी का भारी नुकसान हुआ है, लेकिन शासन प्रशासन को कोई चिंता नहीं है। सरकार बाढ़ पीड़ितों के बीच युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाने में आजतक पूरी तरह विफल साबित हुई है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सरकार को बाढ़ और कटाव पीड़ितों से थोड़ी भी संवेदना है तो अविलंब बाढ़ पीड़ितों के बीच युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य चलवाएँ।

# कांग्रेस मुख्यालय में प्रकोष्ठों एवं विभागों की बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने शनिवार को बिहार कांग्रेस के मुख्यालय में प्रकोष्ठों एवं विभागों की बैठक में कहा कि हमें विभागों एवं प्रकोष्ठों का फैलाव हर जिले, हर प्रखंड स्तर पर करना होगा। फिर उन्हें इसे आगे बूथ तक ले जाने की जरूरत है। आज राहुल गांधी की लोकप्रियता को कारण लोगों का आकर्षण फिर से कांग्रेस के प्रति बढा है लेकिन हमें लोगों तक पहुँचना होगा। बैठक में बोलते हुए प्रभारी सचिव शाहनवाज आलम ने कहा कि बिना लोगों से जुडे हम अपनें लक्ष्य को पूरा नहीं कर पायेंगे। शाहनवाज आलम एवं सुशील कुमार पासी ने सभी विभागों एवं प्रकोष्ठों को यह निर्देश दिया कि वे शीघ्रता शीघ्र अपनें अपने कमेटियों की बैठक पटना में बुलायें जिससे कि इनसे सीधे रूप से जुड कर संवाद किया जा सके। बैठक में सभी विभागों के अध्यक्षों ने अपने अपने विभाग का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौर, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सरवत जहां फातिमा, रिसर्च विभाग के अध्यक्ष आनन्द माधव, सचिव डा मधु बाला, इंटक बिहार के चेयरमैन चंद्रप्रकाश जी, आई टी सेल के चेयरमैन सौरभ सिंहा, अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन उमैर खान, विचार विभाग के चेयरमैन डा शशी कुमार सिंह एवं समन्यवक अमित कुमार, अति पिछडा सेल के चेयरमैन भाई कुंदन गुप्ता, डाक्टर सेल के चेयरमैन डा सत्यजीत सिन्हां, राजीव गांधी पंचायती राज के चेयरमैन असफर अहमद, खेल कूद प्रकोष्ठ के चेयरमैन प्रदयुम्न यादव एवं शिक्षा सेल के चेयरमैन अभिषेक सिंह ने भाग लिया।

# भोला पासवान शास्त्री भावी पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणाश्रोत रहेंगे : उमेश

### जदयू प्रदेश कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री की मनी जयंती



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में देश के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री की जयंती के अवसर पर पार्टी के नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि भोला पासवान शास्त्री की सम्पूर्ण जीवनगाथा भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और ऊर्जा स्त्रोत है। बतौर मुख्यमंत्री समाज के शोषितों और वंचितों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए उनके प्रभावी प्रयास सदैव याद किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार ने भोला पासवान शास्त्री के विचारों को अपनी नीतियों एवं कार्यक्रमों में शामिल करने का काम किया है। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े कमजोर और वंचित वर्ग का सर्वांगीण विकास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहली प्राथमिकता रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधानपार्षद सह पार्टी के कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह गांधी जी, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्याम रजक, महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी सह पूर्व मंत्री रंजू गीता, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रभारी सह पूर्व विधायक अरुण मांझी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह, अनुसूचित जाति के प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश त्यागी, प्रो नवीन आर्या चंद्रवंशी, प्रदेश महासचिव अरुण कुशवाहा, प्रदेश महासचिव डॉ धर्मेन्द्र कुमार चंद्रवंशी, प्रदेश प्रवक्ता मोहतरमा अंजुम आरा, प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द निषाद, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जनाब अशरफ अंसारी, छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम, राजेन्द्र सिंह जॉर्ज, महेश पासवान, राहुल खण्डेलवाल, धीरज कुशवाहा, ओम प्रकाश सिंह सेतु, राजकिशोर कुक्कू, विनीता स्टेफी पासवान, मालती सिंह, खुशबु रानी, कंचन माला, प्रतिभा सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# राज्य के अंदर 90 दिनों में खुलेंगे और 110 अस्पताल:मंगल

- 400 करोड़ की लागत से खुल रहे नवनिर्मित नए अस्पताल
- राज्य के सभी फैसिलिटि पर पर्याप्त दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने स्वास्थ्य भवन के सभागार कक्ष में एक दिवसीय राज्यस्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए विभाग तत्परता से कार्यरत है। उसी क्रम में शीघ्र ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 90 दिनों के अंदर लगभग 400 करोड़ की लागत से राज्य में 110 नए अस्पतालों का उद्घाटन होने जा रहा है। जिसमें पांच जिला मॉडल अस्पताल समेत मातृ - शिशु अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रमुख हैं। इस बैठक में विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक का उद्देश्य राज्य के स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनहितकारी बनाना था। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में राज्य की जनता को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में कुल 69 एफआरयू कार्यरत हैं और जल्द ही 40 नए यूनिट कार्यरत हो जाएंगे। स्वास्थ्य सेवाओं में ये यूनिट एक अभिन्न अंग के तौर पर कार्यरत हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने स्टॉफ नर्स की ट्रेनिंग पर फोकस करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि दिसंबर 2024 तक राज्य में 50 प्रतिशत स्किल बर्थ अटेंडेंट हो। इसके लिए उन्होंने निर्देश दिया कि स्टाफ की ट्रेनिंग ज्यादा से ज्यादा कराई जाए। साथ ही मरीजों की जांच पर भी ध्यानकेंद्रित किया जाए। पैथेलॉजी जांच की उपलब्धता बेहद महत्वपूर्ण है। इस दौरान पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट को सुचारू रूप से लागू करने का निर्देश देते हुए मंत्री ने कहा कि अवैध अबॉर्शन क्लिनिक और अवैध अल्ट्रासाऊंड क्लिनिक को चिन्हित कर जल्द से जल्द बंद करने की कार्रवाई की जाए। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने कहा कि मार्च 2025 तक बिहार को हाइड्रोसील मुक्त करने का लक्ष्य है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि हाइड्रोसील और फाइलेरिया से संबंधित दिए गए टास्क को पूरा करें। स्वास्थ्य संस्थानों में संचालित अल्ट्रासाउंड मशीनों से कितनी सोनोग्राफी की जा रही है इसकी पूरी रिपोर्ट ली जाए और अनिवार्य रूप से इसकी मासिक बैठक करें ताकि जरूरतमंदों को इस सुविधा का लाभ मिल पाए। साथ ही सभी फैसिलिटी पर पर्याप्त दवा उपलब्ध रहे इसका निर्देष दिया। इसके अलावा इस समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मातृ - मृत्यु दर, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत और अन्य प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने इन कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु

# युवा राजद का दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

पटना। युवा राष्ट्रीय जनता दल का दो दिवसीय कार्यशाला रविवार से प्रारम्भ हुआ। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह द्वारा झंडोत्तोलन के बाद कार्यालय परिसर स्थित कपूर्री सभागार में श्री सिंह के उद्घाटन भाषण के साथ ही कार्यशाला में देश के चर्चित बुद्धिजीवियों का स्वागत किया गया एवं उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यशाला को प्रो संजय कुमार सी एस डीएस, दिल्ली,प्रो सुकुमार, दिल्ली विश्वविद्यालय,प्रो उज्वल सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय,जी करुणानिधि महासचिव अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग इम्प्लाइज फेडरेशन, जयशंकर गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक ने विभिन्न मुद्दों जैसे कि चुनावी प्रक्रिया में प्रबंधन, डिजिटल मीडिया का उपयोग और बहुजन नायकों पर परिचर्चा कराया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं में एक नई उर्जा का संचार करना एवं उन्हें बौद्धिकता के साथ व्यवहारिकता रूप से और भी ज्यादा परिपक्व बनाना है। इस कार्यक्रम में आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर भी विश्लेषनात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला की अध्यक्षता युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव ने की। जबकि संचालन पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो नवल किशोर यादव एवं प्रो सुबोध मेहता ने किया। कार्यशाला में युवा राजद के कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चैधरी, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सभी प्रमंडल प्रभारी महासचिव, युवा राजद के पदाधिकारी उपस्थित थे। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि कल कार्यशाला के दूसरे दिन भी देश के अनेक लब्ध प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर विचार व्यक्त किए जाएंगे।

### हाजीपुर की जनता की सेवा के लिए सदैव संकल्पित : चिराग

पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि इन दिनों भारी बारिश के कारण गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से हाजीपुर के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। मैं लगातार दूरभाष के माध्यम से स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हूं और हाजीपुर, महनार, सहदेई बुजुर्ग, देसरी और राघोपुर के बाढ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री उपलब्ध कराने के लिए तत्पर हूं। विगत दो दिनों में हाजीपुर के बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगभग 30- 40 नाव, 4 एसडीआरएफ मोटर नावें, सैकड़ो परिवार को सूखा राहत सामग्री, डॉक्टर की टीम और सामूहिक रसोई की व्यवस्था कराई गई है। पशुओं की देखभाल के लिए भी जिला प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है। हाजीपुर प्रखंड में गंडक नदी पर क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत का कार्य भी पूरा हो चुका है। इस स्थिति में, मैं और मेरी पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं नेता जमीनी स्तर पर लोगों की सेवा में मुस्तैद हैं। आगे भी बाढ़ से निपटने के लिए जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे, वे उठाए जाएंगे।

# अनूप मास्टर्स कोर्स का सीधा लाभ हड्डी रोग के मरीजों को मिलेगा: आशीष

## दो दिवसीय अनूप मास्टर्स कोर्स के समापन समारोह में बोल रहे थे रोबोटिक सर्जन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



**एएमसी में कुल 14 साइंटिफिक सेशन। किये गये आयोजित**

अनूप मास्टर्स कोर्स के माध्यम से हड्डी रोग के विशेषज्ञ डॉक्टरों की विशेषज्ञता को बढ़ाना चाहते हैं ताकि बिहार समेत देश के हड्डी रोग के मरीजों को अत्याधुनिक विश्वस्तरीय तकनीक का इस्तेमाल कर इलाज किया जा सके। एएमसी में बिहार समेत देश-विदेश के नामी-गिरामी डॉक्टरों ने भाग लिया जिन्होंने अपने ज्ञान तथा अनुभव एएमसी में आए डॉक्टरों के साथ साझा किये। ऐसे एएमसी से डॉक्टर अपने आप को अपडेट करते रहते हैं और इसका सीधा फायदा मरीजों को मिलता है। एएमसी के दौरान भारत में पहली बार नीदरलैंड से टखने और पैर की सर्जरी तथा प्रत्यारोपण तथा प्रतिस्थापन का लाइव प्रदर्शन किया गया। यह एएमसी 21 व22 सितम्बर तक पटना के होटल मौर्या में आयोजित किया गया। ये बातें देश में पहली बार रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत करने वाले तथा पटनाअनूप इंस्टीच्यूट ऑफ ऑथोर्पेडिक्स के डॉक्टर आशीष सिंह ने एएमसी के समापन समारोह में रविवार को कहीं। उन्होंने कहा कि यह छठा अनूप मास्टर्स कोर्स था। एएमसी में पैर व टखने के डॉ. डैनियल पोटर, डॉ. कपलेश्वरी शाह (यू.के.) जैसे 20 से ज्यादा प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय फैकल्टी ने भाग लिया। इस दौरान लाइव रोबोटिक सर्जरी में कूल्हे और घुटने की प्रक्रियाओं के बारे में बताया गया। एएमसी के दौरान हड्डी के कैंसर की तकनीक, पैर और टखने पर ध्यान, खेल की चोट और कंधे के प्रतिस्थापन पर वाद-विवाद और चर्चा की गयी। सीएसआर पहल के तहत 5-6 वंचित लोगों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। डॉ. सिंह ने कहा कि हम बिहार को विश्व के मानचित्र पर लाने के लिए कटिबद्ध हैं और एएमसी इसमें सहायक साबित हो रहा है। एएमसी में देश और विदेश के प्रसिद्ध फैकल्टी भाग लेते आ रहे हैं।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार तथा सचिव डॉ. प्रवीण कुमार साहू ने छठे एएमसी की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि इसका लाभ हड्डी रोग के मरीजों को मिलेगा जिसका श्रेय डॉ आशीष सिंह को जाता है। वह सदैव बिहार के बारे में सोचते रहते हैं कि किस प्रकार यहां के मरीजों को आधुनिक तकनीक के साथ इलाज किया जाए। छठे एएमसी के अध्यक्ष डॉ. आशीष सिंह और शिल्पी सिंह थे। आयोजन समिति में पैट्रन डॉ. आर एन सिंह, डॉ. एस एस झा, डॉ. जॉन मुखोपाध्याय, डॉ. कैप्टन विजय शंकर सिंह, डॉ. एस एन सर्राफ, डॉ. विश्ववेन्द्र सिन्हा, डॉ. भरत सिंह तथा डॉ. सुधीर माने शामिल थे। आयोजन के को-चेयरमैन डॉ. अमूल्या सिंह, डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. राजीव आनन्द, डॉ. राकेश चैधरी, डॉ. सुशील कुमार सिंह, डॉ प्रो रितेश रूनू, डॉ निशांत कुमार, डॉ के एस आनन्द, डॉ संतोष कुमार और डॉ. भुवन सिंह शामिल थे। विशिष्ट फैकल्टी में डॉ. ए के मानव, डॉ. अभिषेक दास, डॉ. अरविंद प्रसाद गुप्ता तथा डॉ. अमृता सिंह शामिल थे। इस एएमसी में कुल 14 साइंटिफिक सेशन आयोजित किये गये।

# संविधान से खिलवाड़ करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे : जनक

### नवादा अग्निकांड में पीड़ित परिजनों को दी गई आर्थिक मदद

पटना। बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री और भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जनक राम शनिवार को नवादा के कृष्णा नगर गांव पहुंच कर नवादा अग्निकांड पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनका दुखदर्द सुना। परिजनों ने इस दौरान उस रात की आपबीती सुनाई। मंत्री जनक राम ने पीड़ित परिवार को सुरक्षा का भरोसा दिया तथा पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। मंत्री जनक राम पूरे गाँव का दौरा किया और लोगों से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि इस घटना में वैसे अधिकारियों पर भी करवाई हो रही है , जो इस घटना को नजरअंदाज किया है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि विभाग के अधिकारी हों या अराजक तत्व हों, जो संविधान से खिलवाड़ करेगा , कानून अपने हाथ मे लेने का प्रयास करेगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में सुशासन की सरकार है और जो यहां गरीबों को डराने और धमकाने का प्रयास करेगा उसको यह सरकार नहीं बख्शेगी। इसके बाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बिहार के किसी भी जिले में दलित, महादलित अगर चैन से जी रहा है तो वह एनडीए सरकार की देन है। महागठबंधन के नेताओं ने अभी तक सिर्फ भाईचारा तोड़ने का काम किया है। उन्होंने इस घटना को दुखद बताते हुए कहा कि यह घटना मानवता और सामाजिक सद्भाव पर गंभीर हमला है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से दलित समुदाय को इस अमानवीय कृत्य का शिकार बनाया गया है, वह न केवल समाज की नैतिकता पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि हमारे संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों के खिलाफ भी है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा०/पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम, अनुभवी, वैध विद्युत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवेदक से निम्न कार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई—निविदा के रूप में खुली ई—निविदा आमन्त्रित किया जाता है। **निविदा संख्या एवं तिथि – ई.एल.–जी–एसपीजे–18– ईटी–24–25 आरटी, दिनांक–19.09.2024, क्र. सं. (1) कार्य का नाम तथा स्थान:** समस्तीपुर मंडल पर दो वर्षों की अवधि के लिए विभिन्न निर्माण और क्षमताओं के डीजल जेनरेटिंग सेट का वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **(2) कार्य की अनुमानित लागत:** रू. 99,68,378.21/– **(3) बयाने / निविदा सुरक्षा की राशि :** रू. 1,99,400/– निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. :– (शून्य) **(4) प्रस्ताव की वैधता (दिन) :** 60 दिन **(5) निविदा बन्द होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः–11.10.2024 को 12:00 तक। ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 11.10.2024 को 12:30 **(6) वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वेबसाईट **https://gem.gov.in**, मंडल रेल प्रबंधक (वि०)/कार्यालय/समस्तीपुर। **नोट :** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर / सा०,समस्तीपुर**

पीआर / 1168 / एसपीजे / ईजीईएन / टी / 24-25 / 44

## संक्षिप्त खबरें

### गंडक बराज फाटक से नेपाल पुलिस ने किया शव बरामद

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। ( नसीम खान क्या)। बगहा के इंडो नेपाल सीमा वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज फाटक बांध से नेपाल पुलिस ने एक शव को बरामद किया है। नेपाल पुलिस के मुताबिक शव को अंत्यपरीक्षण के लिए जिला अस्पताल नवलपरासी भेज दिया है। सूत्रों की माने तो गंडक बराज के फाटक नम्बर 24 में एक शव बहते हुए आकर लग गई थी जिसे मछली मारने वाले व्यक्ति ने देखा और नेपाल पुलिस को इसकी सूचना दी। गंडक बराज पर तैनात नेपाल एपीएफ और नेपाल पुलिस ने गंडक बराज के 24 नम्बर फाटक में फंसे शव को बरामद कर जिला अस्पताल नवलपरासी भेज दिया है।नेपाल पुलिस ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है।शव की हालत बहुत खराब है, शव बुरी तरह से गल चुका है।शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारण का खुलासा किया जाएगा।बतादें की गंडक बराज इंडो नेपाल सीमा नोमन्सलैंड पर बहने वाली गंडक नदी के ऊपर बना है जो इस क्षेत्र को जोड़ता है। जानकारी के लिए बतादूँ की गंडक बराज 36 फाटकों वाला डैम बांध है जो आधे भारत और आधा नेपाल में पड़ता है। शव की बरामदगी नेपाल में पड़ने वाले 24 नम्बर फाटक से की गई है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से यूवक मौत

प्रातः किरण संवाददाता

चनपटिया( एके सिंह )। शुक्रवार के देर रात्रि सिरसिया थाना क्षेत्र के बेतिया-लौरिया मुख्य मार्ग में आजाद चौंक के समीप सुक्रवार रात को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई है।स्थानीय लोगों ने सुचना पुलिस को दी खबर मिलते ही घटनास्थल पर पहुँचे। सिरसिया थानाध्यक्ष मदन कुमार माँझी ने युवक के शव को पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच बेतिया लेकर गए। थानाध्यक्ष मदन कुमार मांझी ने बताया की सडक दुर्घटना में एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से अज्ञात एक पच्चीस वर्षिय युवक कि मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव पोस्टमार्टम कराने के बाद सिनाख्त के लिए सुरक्षित रखा गया है। संवाद प्रेषण तक उसका पहचान नहीं हो पाया है। हालांकि लोगो का कहना है की वह मानसिक रुप से विक्षिप्त था।उसे देर शाम तक मचहा नहर पुल के इर्द-गिर्द घूमता देखा गया था। पुलिस घटना क्रम की बारीकी से जांच जुट गई है।

### हेलिओस ने आसनसोल में खोला पहला स्टोर

प्रातः किरण संवाददाता

पटना/आसनसोल। टाइटन कंपनी लिमिटेड के तहत प्रीमियम मल्टी-ब्रांड घड़ी रिटेलर हेलिओस ने आसनसोल में अपना पहला और पश्चिम बंगाल में अपना 37वां स्टोर खोलकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जीटी रोड पर स्थित इस स्टोर का उद्घाटन आरबीएम वॉचेस रिटेल-ईस्ट के उपल सेनगुप्ता और बिजनेस एसोसिएट रामकृष्ण मुखर्जी ने किया। 450 वर्ग फीट में फैला नया हेलिओस आउटलेट टाइटन, सेको, सिटीजन, स्वारोवस्की, अरमानी एक्सचेंज, फॉसिल और कैसियो सहित विश्व स्तरीय घड़ी ब्रांडों की एक विशेष श्रृंखला प्रदान करता है।

# 23 से 25 सितंबर तक कैंप लगाकर बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड

- 09 लाख 45 हजार लाभुक का आयुष्मान कार्ड बन चुका है
- पंचायत भवन पर कार्ड निर्माण का चलेगा अभियान
- अब बिना राशन कार्ड के भी बनेगा आशा व आंगनबाड़ी सेविका / सहायिका का आयुष्मान कार्ड

प्रातः किरण संवाददाता




बेतिया(कुमार अभिजितम)।पश्चिमी चंपारण जिले के पंचायत भवन में 23 से 25 सितंबर तक कैंप लगाकर विशेष अभियान चलाते हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा इसकी जानकारी नीरज कुमार, प्रभारी जिला कार्यक्रम समन्वयक (आयुष्मान भारत), पश्चिम चम्पारण ने दी है। उन्होंने बताया की पंचायत भवन पर कार्ड निर्माण के साथ ही, अब बिना राशन कार्ड के भी बनेगा आशा व आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका का आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए राज्य सरकार ने पत्र जारी किया है। उन्होंने बताया की प्रत्येक व्यक्ति के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाना बेहद जरुरी है।

**खुद से बनाएं आयुष्मान कार्ड:**

राशनकार्ड धारी परिवार के प्रत्येक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनवाना है। आयुष्मान भारत (ढट-खअ) मोबाइल एप्प से लाभार्थी अपना स्वयं का आयुष्मान कार्ड बना सकता है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के पात्र लाभार्थियों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी पूरे देश के किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकते है।

**09 लाख 45 हजार लाभुक का आयुष्मान कार्ड बन चुका है:**

नीरज कुमार ने बताया की जिले में कुल चिन्हित लाभार्थियों की संख्या 34 लाख है जिसमें अभी तक 9 लाख 45 हजार लाभुक का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। आयुष्मान कार्ड व्यक्तिगत है अर्थात परिवार के प्रत्येक सदस्य को अपना आयुष्मान कार्ड बनवाना है। जिले में प्रत्येक सीएससी सेंटर (डिजिटल सेवा केंद्र) से सम्पर्क किया जा सकता है। आयुष्मान भारत के जिला कार्यक्रम समन्वयक नीरज कुमार ने बताया कि जिले के सभी सक्रिय राशन कार्डधारी परिवार जिनका राशन कार्ड मार्च 2024 के पहले बना हुआ है, उनका आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। योजना के तहत लाभार्थी परिवार सूचीबद्ध सरकारी वा निजी अस्पताले में प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज करवा सकते है। इस कार्ड से मरीज अपनी सुविधा अनुसार पूरे देश में किसी भी शहर में अपना मुफ्त इलाज करवा सकता है। हेल्प लाइन नंबर 14555/104 पर कॉल करके जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कागजात:**

जिला कार्यक्रम समन्वयक ने बताया कि लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए राशन कार्ड के साथ आधार कार्ड एवं एक मोबाइल नंबर के साथ कॉमन सर्विस सेंटर या पंचायत भवन में केवाईसी करवाना होगा।

सहायकों द्वारा पात्र लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिस लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है, वो जल्द अपना आयुष्मान कार्ड बनवा ले ताकि भविष्य में जरूरत के समय योजना का लाभ ले पाएँ। आयुष्मान लाभार्थी देश के किसी भी सूचीबद्ध निजी व सरकारी अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकते है। इस योजना के तहत लगभग सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज, जाँच, दवा, डॉक्टर परामर्श उपलब्ध है।

### सत्य चैरिटेबल ट्रस्ट आरा के तत्वाधान में छात्र-छात्राओं को किया गया जागरुकता

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । सत्य चैरिटेबल ट्रस्ट आरा के तत्वाधान में छात्रा जागरूकता कार्यक्रम के तहत सत्य इंटरनेशनल स्कूल में छात्राओं के बीच छात्रा को जागरूक किया गया, जिसमे गुड़ टच,बैड टच एवं सोशल मीडिया के सही प्रयोग एवं संस्कार के विषय पर जागरूक किया गया।

ट्रस्ट के इस अभियान के संचालिका ममता कुमारी के द्वारा इस विषय पर छात्राओं के बीच जागरूक किया गया। उनको इन तमाम मुद्दे पर बिंदुवार चर्चा कर छात्राओं को समझाया गया। जिससे काफी छात्रा प्रभावित हुई। वही मोबाइल का प्रयोग कैसे करें, अनचाहे या गलत नम्बर जिसे आप नही जानती हो उसके विषय पर भी समझाया गया ताकि मोबाइल पर कोई गलत तरीके से इनलोगो को न फंसाए वही समाज मे कैसे रहना चाहिए, घर परिवार के सदस्यों से कैसे बात करें।

## बगहा के रामनगर में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने की छापेमारी प्रशासन की रेड में एक बाल मजदूर को कराया गया मुक्त



- नाबालिग को भेजा गया बाल सुधार गृह बेतिया

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा।(नसीम खान क्या)। रामनगर में एक फर्नीचर दुकान से श्रम प्रवर्तन विभाग के पदाधिकारी श्याम कुमार व स्थानीय पुलिस ने दल बल के साथ छापेमारी कर एक बाल मजदूर को मजदूरी करते मुक्त कराया गया है। फर्नीचर दुकान संचालक के विरुद्ध स्थानीय पुलिस को आवेदन सौपते हुए संचालक पर कार्रवाई की मांग की गईं है। मौके से रेस्क्यू कराये गए नाबालिग मजदूर को बाल सुधार गृह बेतिया भेज दिया गया है।

जहां आवश्यक प्रक्रिया के बाद बाल मजदूर को उसके परिजनों की मौजूदगी में छोड़ दिया जाएगा। बतादें की जिलें में वाल्मीकि टाइगर रिजर्व जंगल से अवैध पातन कर धड़ल्ले से कई फर्नीचर दुकानें चलाई जा रही हैं जहाँ ऐसे कई बाल मजदूरों से काम करवाया जा रहा है। ऐसे में प्रशासन की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

## नेपाल उत्तरप्रदेश सीमा पर स्थित व्यवहार न्यायालय को मिली बड़ी सौगात




प्रातः किरण संवाददाता

बगहा।(नसीम खान क्या) ।नेपाल और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित व्यवहार न्यायालय बगहा को स्वास्थ्य सुविधा केंद्र की बड़ी सौगात मिली है।इतना हीं नहीं कोर्ट रोड में मुख्य द्वार से न्यायालय भवन तक शेड निर्माण कार्य का भी डिस्ट्रिक जज ने डिप्टी चेयरमैन के साथ शिलान्यास किया । स्वास्थ्य उप केंद्र का जिला जज प्रजेश कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया और उन्होंने कहा की न्यायालय परिसर में इमरजेंसी मेडिकल फर्स्ट एड को लेकर स्वास्थ्य विभाग और न्यायिक सेवा आयोग की पहल पर वकीलों के साथ साथ पक्षकारों को कोर्ट परिसर में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिहाज से अस्पताल खोला गया है ताकि आपातकाल में तत्काल दवा इलाज में कोई दिक्कतें न हो । बतादें की सिधाव बगहा 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन इस कोर्ट हॉस्पिटल का संचालन किया जायेगा । जिसकी निगरानी खुद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.राजेश सिंह नीरज करेंगें । इस गरिमामयी क्षण में डीजे के साथ एडीजे 1, बगहा एसपी और न्यायिक पदाधिकारी व नप डिप्टी चेयरमैन के अलावा बार एसोसिएशन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें सबों ने जिला जज पर फूलों की बारिश कर उनका जोरदार स्वागत किया।

## घूस लेते दरोगा एवं चौकीदार को निगरानी विभाग ने रक्सौल से दबोचा

प्रातः किरण संवाददाता



रक्सौल। बिहार में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने एक पुलिस इंस्पेक्टर को 18 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उन पर आरोप है कि परिवादी के पिता का नाम हटाने के लिए 18 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की मुख्यालय टीम ने शुक्रवार को एक केस में मैनेज करने के लिए अठारह हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी रक्सौल थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक संजीवन पासवान और चौकीदार रोहित पासवान हैं। जिनकी गिरफ्तारी नागा रोड, वार्ड नं0-22 स्थित किराये के एक मकान से रंगे हाथ की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक केस में पिता का नाम हटाने के लिए पैसे की मांग की गई थी।

इस मामले में विशेष रूप से जानकारी देते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के अधिकारी ने बताया कि पश्चिम चम्पारण जिला के गौनाहा थाना क्षेत्र के माधोपुर बैरिया निवासी मनोज सिंह के पुत्र विपुल सिंह परिवादी हैं।

उन्होंने 31 जुलाई को शिकायत दर्ज कराया था कि आरोपी दारोगा संजीवन पासवान और चौकीदार रोहित कुमार दोनों रक्सौल थाना में 3 अप्रैल 2024 को दर्ज किये गये कांड सं0-113/24 में से परिवादी के पिताजी का नाम कटवाने और केस डायरी में मदद करने के लिए बीस हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है।

शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच की गई, जिसमें परिवादी की शिकायत का सत्यापन कराया गया।

**टीम ने रंगे हाथ दबोचा**

सत्यापन के क्रम में आरोपियों द्वारा 18,000/- रुपये रिश्वत मांगे जाने का प्रमाण पाया गया। आरोप सही पाये जाने के बाद उपरोक्त कांड अंकित कर अनुसंधानकर्ता पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त दारोगा संजीवन पासवान और चौकीदार रोहित पासवान को अठारह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

## घटिया गैस चूल्हा आपूर्ति में फंसी बगहा के दो सीडीपीओ



- आंगनबाड़ी केंद्रों में घटिया चूल्हा आपूर्ति पर मांगा गया जवाब

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा।(नसीम खान क्या) । आंगनबाड़ी केंद्रो को घटिया गैस चूल्हा आपूर्ति करने के मामले में बगहा दो सीडीपीओ पर कार्रवाई होगी। मामले में डीपीओ ने बगहा दो सीडीपीओ सावित्री दास को जबाब तलब करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की है। एवं एक सप्ताह के अंदर अपना जवाब डीपीओ कार्यालय को सुपुर्द करने का निर्देश दिया है। बगहा दो सीडीपीओ से मांगे गए जवाब में डीपीओ का कहना है कि उनके द्वारा बगहा दो व ठकरहा के आंगनबाड़ी केंद्रो को घटिया चूल्हा की आपूर्ति की गई हैं।

मुझे पता जिससे स्पष्ट होता है कि उनके द्वारा घटिया चूल्हे की आपूर्ति कर उनके द्वारा सरकारी राशि का बंदरबाट किया गया है। इस मामले में डीपीओ ने बगहा दो सीडीपीओ सह तत्कालीन प्रभारी सीडीपीओ ठकराहा से स्पष्टीकरण की मांग की है। गौरतलब हो कि ठकराहा व बगहा दो प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्रो को गैस चुला की आपूर्ति आईसीडीएस कार्यालय के द्वारा की गई थी। डीपीओ के जांच में पाया गया कि कोई भी चूल्हा आईएसआई मार्क का नहीं है। ऐसे में डीपीओ ने संबंधित सीडीपीओ से मामले में जवाब तलब करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की है।

### आकाशी प्रखंड कार्यक्रम में जीपीपीएफटी फोरम का हुआ गठन

तिलौथू (रोहतास) पश्चिमी पंचायत भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी तिलौथू अंकित जैन की अध्यक्षता में जीपीपीएफटी ग्रामीण पंचायत प्लानिंग और फंडिंग टीम फोरम का गठन किया गया। इस बैठक में आदर्श पंचायत और स्वस्थ पंचायत बनाने की दिशा में चर्चा हुई। पदाधिकारी ने सभी सदस्यों को जागरूक करते हुए सहयोग की अपील की। जिससे पंचायत की समस्याओं का समाधान किया जा सके और सरकार की सुविधाओं का लाभ उठाया जा सके।आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत सतत स्थानीय विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए यह बैठक आयोजित की गई। इसमें पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर अरविंद कुमार ने पंचायत के चिन्हित थीम पर चर्चा की और आगामी 2 अक्टूबर को आमसभा में थीम की पहचान करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने स्वास्थ्य पंचायत को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया।बैठक में पंचायत के विकास कार्यों और जीपीडीपी पर विस्तृत चर्चा की गई। जो वार्ड सदस्यों को अपनी जिम्मेदारियों और विकास कार्यों के प्रति जागरूक किया गया।

## परिवार नियोजन मेले का बगहा पीएचसी में हुआ उद्घाटन

- महिला बंध्याकरण व पुरुष नसबंदी के लिए लोगों को किया जा रहा जागरूक
- बढ़ती जनसंख्या को रोकने हेतु स्थायी व अस्थायी साधनों का उपयोग जरूरी

प्रातः किरण संवाददाता




बेतिया(कुमार अभिजितम)।पश्चिमी चंपारण जिले में परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत बगहा-2 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हरनाटांड में परिवार नियोजन मेला आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार नीरज ने किया। उन्होंने कहा कि जिले की बढ़ती जनसंख्या पर रोकथाम के लिए लोगों को आगे आने की जरूरत है। प्रायः देखा जाता है कि महिलाएं परिवार नियोजन में आगे आती हैं परन्तु अब परिवार नियोजन में पुरुषों को भी नसबंदी में भाग लेने की आवश्यकता है। पुरुष नसबंदी कम समय एवं बिना चीरा-टाका के आसानी से हो जाता है। उन्होंने बताया कि मेले में परिवार नियोजन के अस्थायी साधन कंडोम, छाया, अंतरा, माला एन वितरित किया जा रहा है। परिवार नियोजन के स्थायी साधन का लाभ स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है।

**जनसंख्या पर रोक हेतु जागरूकता जरूरी:**

जिला स्वास्थ्य समिति के आशा समन्वयक राजेश कुमार ने कहा कि जिले में लोगों को जनसंख्या नियंत्रण हेतु जागरूक करना बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के मौके पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच के साथ ही जनसंख्या नियंत्रण हेतु बच्चों में अंतर व पहला बच्चा में थोड़ा देरी करने की जानकारी आशा द्वारा दी जाती है। उन्होंने बताया की छोटा परिवार सुखी परिवार की अवधारणा को साकार करने के लिए पुरुष को आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठाने की जरूरत है। पुरुष नसबंदी महिला बंध्याकरण की तुलना में आसान है। इससे पुरुषों की पौरुषता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इसके लिए पुरुषों को आगे आना होगा।

**सरकारी अस्पताल में प्रसव पर मिलेगी आर्थिक सहायता:**

पीएसआई के जिला प्रतिनिधि राकेश कुमार ने बताया कि सरकारी अस्पताल में निःशुल्क सुरक्षित प्रसव कराया जाता है।

साथ ही आर्थिक सहायता भी दी जाती है। इसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। नसबंदी के लिए पुरुष लाभार्थी को 3000 रुपए एवं महिला बंध्याकरण के लिए लाभार्थी को 2000 रुपए की प्रोत्साहन राशि खाते में भेजी जाती है। इस मौके पीएसआई के जिला प्रतिनिधि राकेश कुमार, डॉ सरिता कुमारी, डॉ राजेंद्र काजी, अतुल कुमार रॉय, कुमार विशाल, अनिल कुमार, सुधीश कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार मांझी, इंद्रजीत कुमार, निर्मला कुमारी, जूली कुमारी, संगीता कुमारी, अर्जुन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## सफाई कर्मियों के परिश्रम व योगदान से नगर में लाखों की आबादी की स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षित हो: गरिमा

- स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ पर आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कैंपेन में सफाईकर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया। स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ पर आयोजित ह्लस्वच्छता ही सेवाह्न पखवाड़ा कम्पेन के अंतर्गत नगर निगम प्रशासन के सौजन्य से ह्लसफाई मित्रोंह्न का स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। नगर निगम कार्यालय कैंपस के अशोक सम्राट भवन में 21 एवं 22 सितम्बर को चलने वाले दो दिवसीय शिविर का उद्घाटन नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने किया और कहा कि आप सैकड़ों सफाई मित्रों के दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्देश्य आपके शरीर को स्वस्थ रखने की पहल करना है। आप सब सफाई कर्मियों के कठिन परिश्रम और योगदान से अपने नगर निगम के लाखों की आबादी स्वच्छ और स्वस्थ रह सकेगी। मौके पर मौजूद रहे नगर आयुक्त शंभू कुमार ने कहा कि आप सभी कर्मियों से अनुरोध है कि अपने परिजनों को भी शिविर में बुलाकर उनकी भी स्वास्थ्य जांच करा लें। उन्होंने सभी सफाई मित्र और कर्मियों से भी सरकार और नगर निगम प्रशासन से मुहैया कराई जा रही इस सुविधा और इस स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठावें। शिविर का उद्घाटन के बाद सर्वप्रथम शिविर में पहुंची चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोनालिसा और डॉ. कुमार धीरज के साथ उनके सहयोगी स्टॉफ को भी डायरी और तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविकाओं ने पोषण रैली से लोगों को किया जागरूक

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के दुगार्डीह गांव में सेविकाओं के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 69 से पोषण रैली निकाल स्थानीय लोगो को जागरूक किया गया। पोषण रैली निकालने से पूर्व प्रभारी सीडीपीओ आभा कुमारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से उदघाटन किया गया। जिसकी पूरी तैयारी आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 69 की सेविका रेखा कुमारी व अन्य सेविकाओं के द्वारा किया गया गया था। आंगनवाड़ी सेविकाओं के द्वारा अपनी कड़ी मेहनत से पोषण से सम्बंधित विभिन्न प्रकार का रंगोली बनाया गया था। जो अपने आप मे एक अजूबा आकर्षण का केंद्र बना रहा, जिसे स्थानीय लोग देख भाव विभोर हो गए। आंगनबाड़ी केंद्र पर मौजूद सेविकाओं के द्वारा गीत संगीत के माध्यम से भी लोगो को पोषण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 69 पर पोषक क्षेत्र के किशोरी का मेहंदी रस्म, गर्भवती महिला दुर्गावती कुमारी पति बीर बहादुर पासवान का गोदभराई के साथ धात्री महिला संजना पटेल पति मनीष रंजन व रचना कुमारी पति धनजी के बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया।

## जमुई डीएम ने लोक सेवाओं एवं लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन को ले की समीक्षात्मक बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

जमुई। जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के द्वारा शनिवार 21 सितंबर को अपने कार्यालय कक्ष में बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम एवं लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत आम नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला/ अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के साथ बैठक आहूत की गई '

बैठक में जिलाधिकारी महोदया द्वारा जाति, आय, आवासीय, नॉन क्रीमी लेयर, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय एवं संपति प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड, राशन कार्ड, दाखिल खारिज, भू स्वामित्व प्रमाण पत्र निर्गमन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र का निर्गमन, बिहार राज्य प्रवासी मजदूर घटना अनुदान योजना, पंजीकृत दस्तावेज वितरण, दस्तावेज का निबंधन एवं निष्पादन तथा डीङ्कबीङ्कपीङ्क इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई ' साथ ही संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों में से लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे ' इस संदर्भ में कार्य में कोताही के चलते अंचलाधिकारी झाझा, सिकंदरा तथा चकाई से कारण पृच्छा पूछे जाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जमुई से जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम, सीपी ग्राम, सीएम ई कंप्लायंस डैशबोर्ड आदि से सम्बंधित प्राप्त, लंबित व निष्पादित किए गये आवेदनों की गहन समीक्षा की गई ' साथ ही जिला एवं अनुमंडल लोक शिकायत निवारण से प्राप्त परिवादों को निर्धारित समय अवधि में निष्पादित करने का निर्देश दिया गया ' जिला पदाधिकारी महोदया ने लोक सेवाओं के अधिकार के आवेदन करने की प्रक्रिया को और सुलभ बनाने के लिए जरूरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया ताकि जिले की जनता बिना किसी परेशानी के विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सके।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को कहा गया कि राज्य सरकार की विकासात्मक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता हो। किसी तरह की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## स्वच्छता ही सेवा-2024 के तहत कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन

- वृक्षारोपण दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों, डिपो एवं रेल परिसरों में 07 हजार से ज्यादा पौधे लगाए गए

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा-2024 का आयोजन किया किया जा रहा है । इसी कड़ी में पांचवें दिन पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों, रेल परिसरों, कोचिंग डिपो, डेमू शेड, वर्कशाप इत्यादि स्थानों 7000 से ज्यादा पौधे लगाए गए । साथ ही पांचों मंडलों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए । धनबाद मंडल में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के चौथे दिन स्वच्छ भारत मिशन स्पोर्ट्स लीग के तहत अंतर विभागीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने स्वच्छता शपथ लेकर उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया । पांचवें दिन धनबाद मंडल के विभिन्न डिपो एवं रेल परिसरों में ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत वृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिसमें धनबाद कोचिंग डिपो में बृहत स्तर पर लगभग 300 पौधे लगाए गए। दानापुर मंडल में स्पोर्ट्स लीग के तहत सीनियर सेकेंडरी रेलवे स्कूल दानापुर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण किया गया । पाटलिपुत्र रेल परिसर तथा किउल स्टेशन पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया एवं स्वच्छता ही सेवा संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया । स्वच्छता ही सेवा के पांचवें दिन ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों रेल परिसरों एवं कोचिंग डिपो में कुल 1695 पौधे लगाए गए । सोनपुर मंडल में स्वच्छता की सेवा कार्यक्रम के तहत चौथे दिन हाजीपुर स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया । साथ ही साथ रेलवे डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वस्थ शरीर का आयोजन सफाई मित्रों के हेल्थ चेकअप के लिए किया गया । ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत 2700 पौधों का वितरण रेलवे कर्मचारियों को रेलवे क्वार्टर एवं अन्य जगहों पर वृक्षारोपण हेतु किया गया । डीडीयू मंडल स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम के चौथे दिन स्वच्छ भारत मिशन स्पोर्ट्स लीग कार्यक्रम के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंह्न, डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर इंडोर गेम के तहत शतरंज प्रतियोगिता एवं सासाराम स्टेशन पर आउटडोर गेम के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन स्वच्छता संदेश के प्रसार हेतु किया गया । पांचवें दिन एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विभिन्न स्टेशनों एवं रेल परिसरों में कुल 500 पौधे लगाकर लोगों में पर्यावरण एवं साफ सफाई के प्रति जागरूकता लाया जायेगा।

## गुप्त सूचना के आधार पर दो शराब तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

- एक पास्को ऐक्ट का फरार अपराधी धराया



प्रातः किरण संवाददाता

बगहा।(नसीम खान क्या) । बगहा के नौरंगिया थाना पुलिस ने बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग पर मदनपुर सरकारी स्कूल के सामने मोटरसाइकिल से लाए जा रहे तस्करों के द्वारा अंग्रेजी शराब के एक खेप को गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि इस छापेमारी के लिए पीएसआई प्रिया कुमारी के नेतृत्व में एक टीम को सूचना मिलने के बाद लगाया गया था। पकड़े गए मोटरसाइकिल के डिक्की से रॉयल स्टेग के 750 एमएल का 15 अदद बोतल बरामद किया गया है। पकड़े गए दो तस्कर कुशीनगर जिला महादेवा थाना निवासी सोनू सहनी और ब्यास बिन के रूप में पहचान हुई है।वही थाना कांड संख्या 63/24 के पास्को एक्टअभियुक्त 20 वर्षीय कयूम अंसारी को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार के पुलिस अवर निरीक्षक नीतू कुमारी के नेतृत्व में हरिनगर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# रोजगार मेले में 228 युवक-युवतियों को मिला नियुक्ति पत्र

## मुख्यअतिथियों ने कहा कि बहुत साहारनीय कार्य है

### बेरोजगारों के चेहरे पर दिखें मुस्कान

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । रोजगार मेला में 228 युवक-युवतियों को जॉब ऑफर प्राप्त हुआ। उक्त जानकारी जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज के सिद्ध बिजय जैन ने दो दिवसीय रोजगार मेला के समापन समारोह के अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया। विदित हो कि क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवा वर्ग को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हेल्थ एण्ड एजुकेशनल सोसायटी आरा द्वारा जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज परिसर में दो दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 19 एवं 20 सितम्बर को किया गया था। इस रोजगार मेला का समापन सत्र का विधिवत उद्घाटन आज महापौर श्रीमती इन्दु देवी, डॉ. एस. के. रूंगटा, डॉ. कुमार जितेन्द्र, ई. धीरेन्द्र सिंह, चेयरमैन डॉ. आदित्य बिजय जैन, डॉ. सीपी जैन, डॉ. हर्षित, सिद्ध बिजय आदि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

सिद्ध बिजय जैन ने अतिथियों का स्वागत फ्रुट बास्केट और अंग वस्त्र से करते हुए बताया कि देश भर की 30 कम्पनियों ने इस रोजगार मेला में रोजगार प्रदाता के रूप में भाग लिया और 650 से अधिक युवाओं का साक्षात्कार करते हुए 228 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इनमें वार्षिक दो लाख



बीस हजार से लेकर छह लाख पचास हजार तक का पैकेज पर जॉब ऑफर मिला। इसके अलावा 174 युवाओं को विभिन्न कम्पनियों द्वारा प्रथम चरण के रूप में चयन करते हुए आगामी साक्षात्कार के लिए अपने कार्यालय में आकर पुनः साक्षात्कार और तकनीकि ज्ञान का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया है।

मुख्य अतिथि स्वरूप पधारी महापौर श्रीमती इन्दु देवी ने रोजगार प्राप्त करने वाले युवा वर्ग को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज परिवार ने एक नेक कार्य करते हुए आपको रोजगार उपलब्ध कराया है। आपका दायित्व है कि अपने रोजगार प्रदाता कम्पनी के लिए दिल लगाकर समय प्रबन्धन के साथ कार्य करें।

कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आदित्य बिजय जैन ने अपने सम्बोधन में बताया कि केवल पुस्तकीय ज्ञान पर ही निर्भर नहीं रहना चाहिए। व्यवहारिकता का ज्ञान अत्यधिक जरूरी होता है। यहां के छात्रों में क्षमता है अपना लक्ष्य निर्धारित करने की आवश्यकता है। युवावर्ग को शिक्षा देते हुए कहा कि आपको कम्यूनिकेशन पर पकड़ की आवश्यकता है। आपको जो भी जॉब ऑफर मिला है उसपर लगन और मन से काम करें। सैलेरी पैकेज पर ध्यान देने से ज्यादा जरूरी काम पर लक्ष्य निर्धारित करना है।

डॉ. एस. के. रूंगटा ने कहा कि आप रोजगार प्रदाता बनें और अपने साथ अन्य को भी रोजगार उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि सही रूप में देखा जाए तो समाज में बेरोजगारी नहीं है। मां सरस्वती की आराधना करते हुए पढ़ाई करें और कठिन परिश्रम के साथ काम करें तो मां लक्ष्मी स्वयं प्रसन्न होकर आपके पास वास करेंगी। हमारे क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है और सर्वाधिक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में यहीं के लोग कार्यरत हैं।

ई. धीरेन्द्र सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रबन्धन का कार्य हर जगह होता है। घर से लेकर राष्ट्र चलाने तक प्रबन्धन ही महत्वपूर्ण होता है। आप उत्तम प्रबन्धन के साथ इमानदारी से काम करें। आप ही आज बीज के रूप में कम्पनी को ज्वाईन करेंगे और आपके परिश्रम से ही कल विशाल वृक्ष बनेगा।

युवा उद्यमी अनुराग मिश्रा ने कहा कि जितना पैकेज मिला है उसे सहर्ष स्वीकार करते हुए मन से काम करें।

काम चला लेंगे ऐसी धारणा न रखें। जो भी कार्य करें संतुष्टी के साथ करें तभी तरक्की होगी। सिद्ध बिजय जैन ने कॉलेज की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस कॉलेज के एमबीए के प्रथम बैच का कोर्स पूर्ण करने के पहले ही सत प्रतिशत प्लेसमेन्ट हुआ है जो हमारे लिए उत्साहवर्धक है। यहां के एमबीए, बीबीए और बीसीए के छात्र-छात्राओं ने अथक प्रयास के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आहार में डूबने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत

प्रातः किरण संवाददाता

संझौली(रोहतास)। स्थानीय संझौली थाना क्षेत्र के बगैया गांव में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत आहार में डूबने से हो गई। ग्रमीणों के अनुसार बगैया निवासी पुली नट जो रात के अंधेरे में आहार में डूब गया। जिसकी खबर रात में गांव की किसी ब्यक्ति को नही लगी। वही परिजन को भी कुछ पता नही चला। जब ग्रामीण शुक्रवार को दिन में लगभग दो बजे आहार के समीप शव को देखा तो गांव में आग की तरह खबर फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने ग्रामीणों की सहयोग से आहार से शव को निकालकर पहचान के बाद पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल हेतू भेज दिया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि मृतक पुली नट पिता कंश नट है जो बगैया गांव के निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने शब को पोस्टमार्टम कराकर मृतक के परिजनों को सौप दिया है।

### काराकाट बीडीओ ने संध्या कालीन भ्रमण कर लोगों को किया जागरूक

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकरिया में बीडीओ सह प्रखंड स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह के द्वारा खुले में शौच से मुक्त हेतु स्थानीय ग्रामीण जनता को शुक्रवार को संध्याकालीन भ्रमण दौरान जागरूक किया गया । बीडीओ श्री कुमार ने स्थानीय ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आपलोग खुले में शौच न करें । बताया कि आपसब साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें । साथ ही साथ बीडीओ ने सभी ग्रामीणों से आग्रह किया कि आपसब खुले में शौच न करें आपसब सदैव शौचालय का प्रयोग करें । मौके पर बीडीओ सह स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह , सिकरिया मुखिया किरण देवी , मुखिया प्रतिनिधि सुनील सिंह ,श्याम बिहारी वाररूम काराकाट एवं समस्त ग्रामीण जनता मौजूद थे ।

### भोजपुर जिला कांग्रेस ने सरकार के सौतेले व्यवहार को ले किया प्रेस वार्ता

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम ने बिहार के साथ केंद्र सरकार के द्वारा किये जा रहे सौतेला ब्यवहार और डबल इंजन की बिहार सरकार की पूर्ण विफलता को लेकर शहीद भवन कार्यालय, आरा में एक प्रेष वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेष वार्ता को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अशोक राम ने बताया कि केन्द्रीय वित्त आयोग की ओर से बिहार को दी जाने वाली राशि में लगातार कमी की जा रही है। बिहार को 15वें वित्त आयोग के पहले वर्षों में 21 हजार करोड़ रूपए कम मिले हैं। योजना एवं विकास विभाग के अनुसार इस कटौती के कारण बिहार को बीते आठ वर्षों में लगभग 61,195 करोड़ की क्षति हुई है। बिहार के साथ लगातार सौतेलापन ब्यवहार किया जा रहा हैं। भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी से जनता त्राहि-त्राहि कर रही हैं। बाढ़ की विभीषिका से भोजपुर जिला के दियरा क्षेत्र की जनता राहत के नाम पर ठगा महशूस कर रही हैं। नॉव की ब्यवस्था नगण्य हैं। पशुओं के लिए चारा की ब्यस्था करना किसानों के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन गई हैं।

### वार्ड सदस्यों ने किया पंचायती राज के प्रशिक्षण का बहिष्कार

प्रातः किरण संवाददाता

आरा ।वार्ड सदस्यो ने किया पंचायती राज का एक दिवसीय प्रशिक्षण का बहिष्कार जब तक नही मिलेगा हक अधिकार सरकार के कोई भी कार्यक्रम में नही लेगे भाग बता दे कि जगदीशपुर प्रखण्ड सभागार में 20 सितम्बर एव 21 सितम्बर दो दिन से सरकार द्वारा जगदीशपुर प्रखण्ड के वार्ड सदस्यो को वार्ड सभा कराने की ट्रेनिंग दी जा रही है जिसमें बरनाव बिमवा बभनिआव बिचला जंगल महाल बसावना हरदिया चकवा उतरवारी जं महाल दावा पंचायत के उपमुखिया एव वार्ड सदस्यो ने प्रशिक्षण का कडा विरोध करते हुए नराजगी जाहिर किए वही वार्ड संघ अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप सिंह कई अहम मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए बताए कि वार्ड सभा हमलोग कराते हैं और सभा में योजना लिखकर ग्रामसभा में पारित करने के लिए पंचायत सचिव एव पंचायत अध्यक्ष को देते हैं मगर हमारी योजना को लोड नहीं किया जाता है वही पंचायत प्रधान के चमचो द्वारा दिया गया योजना लोड हो जाता है इससे क्षुब्ध होकर हमलोग अब वार्ड सभा भी नही कराएंगे वही पंचायत स्तर पर कार्यकारणी की बैठक हो या निगरानी समितियों का चयन हो या आवास योजना का लिस्ट हो या मनरेगा जैसी योजनाओं के लिए वार्ड सदस्यो को कोई काम में नहीं पुछा जाता है कुछ वार्ड सदस्यो को किसी तरह भ्रमित करके कोरम पुरा करा लिया जाता है ऐसे में हमलोग हताश होकर सरकार के हर विकास कार्यो को बहिष्कार करते हैं। बहिष्कार करने आए सभी उपमुखिया एव वार्ड सदस्य सामिल रहे

### अवर प्रमंडल क्षेत्र अंतर्गत 10837 उपभोक्ता के घरों में लगें स्मार्ट प्रीपेड मीटर

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अधिष्ठापन का कार्य मिशन मोड में कराया जा रहा है तथा यह कार्य माननीय मुख्यमंत्री जी की एक महत्वाकांक्षी योजना है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत प्रखंड-बिक्रमगंज में 2787, संझौली 2705, सूर्यपुरा 383, दावथ 980 एवं दिनारा मे 3982 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। गौरतलब है की स्मार्ट मीटर लगने से विभाग समेत उपभोक्ताओं को भी काफी फायदे होंगे। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता को बिजली बिल के झंझट से छुटकारा मिल जाएगा। उपभोक्ता मोबाइल की तरह रिचार्ज होने वाले इन मीटरों में जितने का रिचार्ज



करेंगे उतनी ही बिजली खर्च कर पाएंगे। बिजली कनेक्शन कार्य दिवस में दिन के 10 बजे से 1 बजे के बीच काटा जाता है। साथ ही पर्व त्योहार के दौरान भी बिजली नहीं काटी जाती है। बेहतर यही होगा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की राशि खत्म होने से पहले ही उसे रिचार्ज कर लें। उपभोक्ताओं को साइबर अपराधियों से बचाव करने के विषय में उन्हें सचेत किया गया है कि बिजली विभाग के नाम पर किए जाने वाले फोन पर यकीन करके अनजान नंबर से भेजे गए किसी भी लिंक पर कतई क्लिक न करें। ऐसा करते ही साइबर अपराधी उनके बैंक अकाउंट पर हाथ साफ कर सकते हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं नॉर्मल मीटर का टैरिफ एक समान है, उपभोक्ता किसी भी प्रकार के भ्रान्ति का शिकार न हों। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज द्वारा अखबार के माध्यम से उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है की स्मार्ट मीटर बदलने के दौरान एजेंसी के प्राधिकृत कर्मियों का कार्य में उनका सहयोग करें। उक्त कार्यो में किसी भी उपभोक्ताओं के द्वारा बाधा उत्पन्न किया जाता है तो बिहार विद्युत आपूर्ति संहिता की धारा 8.2 एवं 8.6 सी के तहत्त कम्पनी हित में कर्तव्य निर्वहन का उल्लंघन मानते हुए परिसर की विद्युत आपूर्ति को काटते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने के विरूद्ध कानूनी कार्यवाई की जा सकती है।

### आरा सासाराम रोड के पास सड़क पर टूटी बजली की , हादसे की आशंका

प्रातः किरण संवाददाता



आरा : आरा सासाराम रोड में धोबी घटवा के पास सड़क पार बिजली के तार लटके हुए जिसमें यातायात पुलिस के सहयोग से सीढ़ी लगाकर कर बस को पार करवाया बिजली विभाग लापरवाही के कारण आए दिन घटना घटती है आपको देखने को फोटो में पता चल रहा है रोड क्रॉसिंग में हाई वोल्टेज के तार लटका हुआ है फिर भी बिजली विभाग भाग नजर अंदाज कर रहा है वह तो खैर मनाईए की यातायात पुलिस की नजर तार पर पड़ी उसके बाद यातायात के पुलिस के सहयोग से बस आगे की ओर बढ़ाया गया जिसके चलते आवागमन बाधित रहा यातायात पुलिस सहयोग से आवागमन को बहाल किया गया वहां के लोगों ने यातायात पुलिस को लोगों ने इस कार्य देखकर लोगों ने शबासी दी नहीं तो घटना बड़ी हो जाती

### प्रखंड के ग्राम पंचायत घुसियां खुर्द में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम सम्पन्न

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास) : शनिवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत घुसियां खुर्द में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के बैनर तले स्वच्छता ही सेवा स्वभाव स्वच्छता संस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ ।जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया विनय प्रकाश चौधरी ने की । पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु उन्होंने अपना विचार ग्रामीणों एवं स्वच्छता कर्मियों के बीच रखा । स्वच्छता हेतु सामूहिक रूप से संकल्प लिया गया तथा प्रत्येक दिन एक गांव में जन जागरूकता चलाने का संकल्प लिया गया । इसके लिए चौपाल एवं मसाल जुलूस भी निकाले जाएंगे । कार्यक्रम के अवसर पर प्रखंड समन्वयक सत्यजीत एवं साथ में चौबे ,पर्यवेक्षक अनूप के अलावा जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य नवीन चंद्र साह ,स्वच्छता प्रहरी इंद्रदेव चौधरी ,ओबीसी मोर्चा तारानंद साह ,ग्रामीण जनता के रूप में अमरेंद्र चौधरी ,प्रमोद चौधरी ,बटेश्वर चौधरी , महेंद्र चौधरी, दसवीं शर्मा ,पीतांबर साह ,नंदलाल गुप्ता ,गोलू ,अजीत , कबूतर देवी सहित कई लोग शामिल हुए । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अमर रहे ...लोहिया जी अमर रहे इत्यादि उद्घोष के साथ संपन्न हुआ ।

### बालू कारोबारी पुंज सिंह को इडी ने गिरफ्तार किया, भेजे गए जेल

प्रातः किरण संवाददाता

आरा / कोईलवर,बालू के अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को ब्रॉडसन के पूर्व निदेशक और बालू सिंकिडेट के सदस्य पुंज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुंज सिंह पर ईडी पूर्व से मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच कर रही है। पुंज सिंह के बिहार-झारखंड के अलग-अलग ठिकानों पर इसी वर्ष मार्च में निदेशालय की टीम ने छापेमारी की थी। पुख्ता सबूत मिलने के बाद शुक्रवार को पटना क्षेत्रीय कार्यालय की टीम ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद इन्हें जेल भेज दिया गया है।




पुंज सिंह बिहार-झारखंड के चर्चित बालू और कोयला से जुड़े कारोबारी हैं। इन पर आरोप है कि ब्रॉडसन में निदेशक रहते हुए इन्होंने अवैध बालू खनन से लेकर कोयले के कारोबार में अवैध कमाई की। इन पर 210 करोड़ से अधिक की सरकारी संपत्ति के गबन के आरोप में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया गया था।

पुंज सिंह मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं और वे धनबाद में रहकर बालू और कोयला का अवैध कारोबार करते हैं। गिरफ्तारी के बाद पुंज सिंह को विशेष अदालत के न्यायाधीश रूपेश सिंह के समक्ष पेश किया गया। जहां से इन्हें पहली अक्टूबर तक के लिए जेल भेज दिया गया है।

बालू के अवैध कारोबार मामले की जांच ईडी लंबे समय से कर रही है। ईडी ने भारतीय दंड विधान एवं पीएमएलए एक्ट की धारा चार के तहत मुकदमा दर्ज करने के बाद अपनी कार्रवाई शुरू की थी। इसी मामले में राधा चरण साह समेत छह लोगों के खिलाफ ईडी चार्जशीट तक दायर कर चुकी है। इन सभी पर आरोप है कि ये बिना ई-चालान के बालू का अवैध खनन, परिवहन एवं बिक्री किया करते थे।

यहां बता दें कि इसी वर्ष मार्च महीने में ईडी ने पुंज सिंह के धनबाद, गोपालगंज और आरा के घर पर छापा मारा था। पुंज सिंह आदित्य मल्टीकाम प्रा. लि. कंपनी में भी निदेशक थे। यह मामला 210 करोड़ से अधिक के राजस्व चोरी से जुड़ा हुआ है।

इससे पूर्व ईडी की टीम ने विधान पार्षद राधाचरण सेठ, सुभाष यादव और अन्य के यहां भी छापा मारा था। छापेमारी के दौरान जांच एजेंसी ने चल-अचल संपत्ति से जुड़े दस्तावेज, संदिग्ध बैंकिंग लेनदेन सहित कई अन्य बालू और कोल माफियाओं से जुड़े कनेक्शन को खंगाला और जब्त किया गया था।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव पर भोजपुर जिला किसान मोर्चा के द्वारा किया गया बच्चों के बिच पठन पाठन सामग्री का वितरया



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम जो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव मनाया जा रहा है ।किसान मोर्चा बिहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में रितेश कुमार सिंह प्रदेश प्रवक्ता किसान मोर्चा और किसान मोर्चा भाजपा भोजपुर के महामंत्री वरुण सिंह और किसान मोर्चा अपनी टीम के साथ कई विद्यालयों में पठन-पाठन सामग्री छोटे बच्चों के बिच मध्य विद्यालय गिद्धा में वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मध्य विद्यालय गीधा के प्राचार्य सहित शिक्षकों के मधुर संबंध और व्यवहार कुशलता के साथ 300 से अधिक बच्चों को पठन-पाठन सामग्री वितरित किया गया ।कार्यक्रम का अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कोई लवर उत्तरी मंडल अध्यक्ष लाल बिहारी सिंह गुड्डू ने किया संचालन अजीत कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम के मजबूती प्रदान करने के लिए अनुभवी नेता किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता पहलाद राय और ज्योति प्रकाश कुशवाहा ने अहम योगदान दिया तथा रामेंद्र नारायण सिंह, उमेश सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह, मोहम्मद मंजुल हसन, बबलू चौधरी, किसान मोर्चा के अजीत कुमार सिंह ,पुनीत प्रताप सिंह एवं सैकड़ो जिला के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया साथ ही साथ कोईलवर प्रखंड के चिकित्सा केंद्र पर सैकड़ो रोगियों को फल वितरण किया गया भारतीय जनता पार्टी हर समय सेवा भाव से जनमानस की सेवा में लगी रहती है किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तन मन धन से सेव कार्य में लगे हैं

### ग्राम पंचायत सोनवर्षा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : रोहतास जिला अंतर्गत काराकाट प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनवर्षा स्थित बलदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौपा में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु प्रखंड के प्रखंड समन्वयक आलोक आनंद ,उक्त पंचायत के मुखिया राजीव रंजन सिंह, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिवेन्दु कुमार ,स्वच्छता पर्यवेक्षक , अन्य शिक्षक-शिक्षिका और समस्त ग्रामीण व बच्चों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई । जिस कार्यक्रम में उक्त विद्यालय की ग्यारहवीं , दसवीं एवं नौवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता , चित्रकारी , निबंध प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम आयोजित की गई । कार्यक्रम तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को जो बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई वो काफी सराहनीय रहा । उक्त कार्यक्रम में बच्चों को जागरूक करते हुए स्वच्छता के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई । साथ ही बच्चों को स्वच्छ रहने के महत्व और उससे होने वाले लाभ व हानि के बारे में प्रखंड समन्वयक आलोक आनंद व स्थानीय मुखिया राजीव रंजन सिंह द्वारा बच्चों को जागरूक किया गया । साथ ही साथ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम निमित सभी के द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।

### नागरी प्रचारिणी सभागार में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन आज



- कैट भोजपुर और मेदांता हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहा जांच शिविर
- पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होगा शिविर
- कैट भोजपुर के जिलाध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन ने दी जानकारी

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। शहर के नागरी प्रचारिणी सभागार में 22 सितम्बर (रविवार) को कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) आरा के जिलाध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन तथा जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चिकित्सिय परामर्श एवं इलाज किया जाएग। स्वास्थ्य शिविर में पटना के नामचीन डॉक्टरों की टीम शामिल होंगी। जिसमे कई बिमारियों के पूरे बॉडी की जांच कर इलाज व दवा लिखा जाएगा। इस आश्रम की जानकारी देते हुए कैट भोजपुर के जिलाध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन एवं कार्यकारी अध्यक्ष आलोक अंजन ने बताया कि शिविर में चिकित्सीय परामर्श के साथ कई तरह की जांच होगी। उन्होंने बताया कि मेदांता हॉस्पिटल, पटना की सहभागिता से आरा कैट के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व जागरूकता कैंप पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि मेदांता हॉस्पिटल, पटना के डॉक्टर इस कार्यक्रम में अपना सहयोग देंगे। जीआई सर्जरी, हड्डी रोग, किडनी व मूत्र, दांत, डाइटिशियन व इंटरनल मेडिसिन से सम्बन्धित बीमारियों के लिए डॉक्टर परामर्श देंगे। साथ ही वजन, ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, एसपीओ 2 व ईसीजी की भी सुविधायें उपलब्ध कराया जायेगा। इस मेडिकल कैंप में आरा शहर वासियों सहित निगम के कर्मचरियों अन्य लोगों को भी स्वास्थ्य सम्बन्धी सहायता उपलब्ध करायी जाएगी।

### केविके बिक्रमगंज में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज में जिला अंतर्गत कॉमन सर्विस सेंटर के संचालकों के लिए वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ शोभा रानी की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई । जिसका उद्घाटन कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक रवि कुमार एवं वरीय वैज्ञानिक डॉ शोभा रानी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर कुल 22 सीएससी संचालकों ने कार्यक्रम में भाग लिया । इस अवसर पर सीएससी जिला प्रबंधक ने बताया कि वर्तमान में रोहतास जिले में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों को मिलाकर कुल 1400 सीएससी कार्यरत है । जो वहां आने वाले लाभार्थियों, किसानों एवं अन्य ग्राहकों को विभिन्न तरह के सेवाएं प्रदान करते हैं । जिसमें पैसा निकासी , आयुष्मान भारत कार्ड , श्रमिक पंजीकरण, ई-श्रम कार्ड, किसान पंजीकरण, किसान सम्मान निधि योजना,केवाईसी ,पेंशन केवाईसी,पीएम विश्वकर्मा पंजीकरण इत्यादि सुविधाएं शामिल है । डॉ शोभा रानी ने बताया कि केविके बिक्रमगंज में नियमित




रूप से कृषि एवं कृषि से जुड़े हुए सभी क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं तकनीकी हस्तांतरण का कार्य किया जा रहा है । सीएससी के माध्यम से केविके में किसान हित में चल रहे सभी तरह के कार्यक्रमों की सूचना सीएससी से जुड़े हुए लाभार्थियों तक जाएगी । साथ ही सीएससी में पंजीकृत विभिन्न किसान भाइयों एवं महिला बहनों को कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा प्रदान किए जा रहे सेवाओं का लाभ मिल सकेगा । इस कार्यक्रम में यह भी निर्णय लिया गया कि सीएससी संचालक के केविके के वेबसाइट पर उपलब्ध प्रशिक्षणों की सूची को देखकर उसके अनुरूप इच्छुक किसान कृषि विज्ञान केंद्र को भेजेंगे । इस कार्यक्रम में जैविक खेती , केंचुआ खाद उत्पादन ,पौधों की नर्सरी ,कृषि यंत्रों का रखरखाव , बीज उपचार एवं खरीफ फसलों का प्रबंधन इत्यादि विभिन्न विषयों पर उपस्थित वैज्ञानिकों ने प्रकाश डाला ।

इस अवसर पर सीएससी संचालकों के अतिरिक्त मशरूम उत्पादन के लगभग 50 शिक्षणार्थियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया । इस अवसर पर डॉ आर के जलज, डॉ रामाकांत सिंह ,डॉ रतन कुमार ,डॉ डेनियल प्रकाश एवं डॉ संजू कुमारी ने केविके एवं सीएससी के समन्वय पर अपनी बातें रखी । सीएससी आधारित ऐसा कार्यक्रम आज पहली बार कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज में आयोजित किया गया ।

### विरेन्द्र गोप ने मांझी के बयान को ले मानसिकता पर अफसोस जाहिर की

प्रातः किरण संवाददाता

गया शहर के केवल बीघा स्थित प्रोफेसर कॉलोनी में राजद के नव मनोनीत टिकारी संगठन जिला राजद किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अवधेश यादव के द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष किसानों दलितों पिछड़ों अति पिछड़ों शोषितों वंचितों अल्पसंख्यकों के मसीहा आदरणीय लालू प्रसाद यादव के निर्देश पर किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल कृष्ण उर्फ चंदन यादव ने जो हम पर विश्वास जताया है उस पर हम खरा उतरने का कोशिश करेंगे। इस प्रेस वार्ता में राजद के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा बिहार एड० बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र गोप ने नवादा की घटना का निंदा करते हुए जीतन राम मांझी के मानसिकता पर अफसोस जाहिर किया है जिसमें बिना जांच पड़ताल किए हुए मांझी के द्वारा यादवों को बदनाम कर पिछड़ा, दलित, अतिपिछड़ा, महादलित के एकता को खंडित करने का कुत्सित प्रयास किया गया है। एडवोकेट वीरेंद्र कुमार उर्फ वीरेंद्र गोप ने कहा किकेंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के द्वारा यादवों को बदनाम करने के मकसद से जो बयान दिया गया है वह दुर्भाग्यपूर्ण है, श्री गोप ने कहा की मांझी जी आप महज मंत्री पद के लालच में आकर संतरागाछी के प्रोडक्ट संघीयों के इशारे पर लालू प्रसाद यादव जी अनादर किया है ।

### संयुक्त किसान मोर्चा ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

प्रातः किरण संवाददाता

बक्सर ।संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता एवं बक्सर सांसद सुधाकर सिंह दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में एनएचआई के संयुक्त सचिव विनय कुमार से मिले। लंबी बातचीत के बाद ज्ञापन सौंपा।

किसान नेताओं और बक्सर सांसद ने कहा कि बक्सर के कई गांवों के अस्तित्व को मिटाकर सड़क निर्माण बेमानी है और ऐसा हुआ तो वहां के लोग जान की बाजी लगा कर अपने गांव और अपने घरों की रक्षा करेंगे।

बक्सर जिला प्रशासन के कतिपय भ्रष्ट और विवादास्पद अफसरों ने यहां कई गांवों के घरों में घुसकर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की है और अब वे इस मामले में फंस रहे हैं,तो बदले की कार्रवाई के लिए तरह तरह के दमनात्मक कार्रवाई के अवसर तलाश रहे हैं।

प्रतिनिधि मंडल में बक्सर सांसद सुधाकर सिंह के अलावा संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से भारतीय किसान यूनियन के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार, बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह एवं चौसा प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर मोर्चा के नेता सुरेंद्र सिंह शामिल थे।

संयुक्त किसान मोर्चा के ज्ञापन और सांसद के पत्र में कहा गया है कि केन्द्रीय परिवहन मंत्री नीतीन गडकरी द्वारा बक्सर सांसद को लिखे गए पत्र में यह कहना कि सड़क एलाइनमेंट तय करते समय ग्रामीणों की सहमति ली गई है यह सर्वथा झूठ और काल्पनिक बातें हैं। यह बक्सर के भ्रष्ट अफसरों के दबाव में भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर किया गया फैसला है। सच तो यह है कि एक भी ग्रामीण इस एलाइनमेंट के पक्ष में नहीं है। इसके पीछे भ्रष्ट बक्सर जिला प्रशासन द्वारा सिर्फ गांव को उजाड़ने की मंशा सन्निहित है।

बनारपुर गांव से सटे दक्षिण मे थर्मल पावर निमार्णाधीन है। ऐसे में स्वाभाविक है कि गांव को बचाते हुए कर्मनाशा नदी के किनारे पश्चिम और उत्तर सड़क का निर्माण करना यथोचित और न्यायोचित होगा।

यहां सैकड़ों सालो से कभी कोई कटाव नहीं हुआ है। जमीन काफी सख्त है। किसान को यहां गांव के पश्चिम और उत्तर नदी के किनारे से सड़क बनाने में जमीन देने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

खेद है कि प्रशासन लगातार यह दबाव बना रहा है कि गांव को उजाड़ दिया जाय। यहां किसान और प्रशासन के बीच तनाव चल रहा है। कई झुठे मुकदमो मे 50 से अधिक किसानों को जेल भेजा जा चुका है।इसलिए बदले की कार्रवाई हेतु बनाए गए वर्तमान एलाइनमेंट को तत्काल बदलते हुए, सड़क निर्माण की कार्रवाई हो।यदि प्रशासन अपने जिद पर अड़ा रहा, तो किसान जान की बाजी लगाकर भी अपने गांव और घर की सुरक्षा करेंगे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 22 सितम्बर, 2024 

संक्षिप्त खबरें

## अपहृत किशोरी के साथ नाजायज संबंध बनाने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) : बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के बाढ़ से भागाकर लाई गई किशोरी के साथ बिक्रमगंज में विगत तीन माह से नाजायज संबंध बना रहे पिता और पुत्र को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। दोनों की गिरफ्तारी के बाद किशोरी को पुलिस अभिरक्षा में रखकर इसकी सूचना परिजनों को दी है। समाचार लिखे जाने तक पीड़िता के परिजन थाने तक नहीं पहुंचे थे। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि भोजपुर पिरो के तिलाढ़ निवासी बाबूधन शर्मा जो बिक्रमगंज के नासरीगंज रोड में शर्मा इलेक्ट्रॉनिक का दुकान चलता है और ढिबरा मोहल्ला में किराए का मकान लेकर अपने पुत्र के साथ रहता था। उसका पुत्र करण कुमार बख्तियारपुर के बाढ़ स्थिति अपने मामा के गांव रहता था

## उद्योग विभाग व पीएम रोजगार सृजन के तहत ऋण स्वीकृति का आयोजन किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव के अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में उद्योग विभाग के अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं यथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत ऋण स्वीकृति का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) में 128 आवेदकों के लक्ष्य के विरूद्ध 39 आवेदकों को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) में 90 आवेदकों के लक्ष्य के विरूद्ध 26 आवेदकों को ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादन हेतु निदेशित किया गया। बैठक में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, परियोजना प्रबंधक के साथ अन्य उपस्थित रहे।

## जिला उपाध्यक्ष ने अपने पूर्वजों को किया पितृ तर्पण

प्रातः किरण संवाददाता

गया।भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने पितृ पक्ष के अवसर पर अपने पिता, माता और पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने फाल्गुन नदी के किनारे तर्पण विधि को अदा करते हुए अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। तर्पण का यह अनुष्ठान भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें व्यक्ति अपने पूर्वजों को याद करता है और उन्हें अर्पित जल से संतुष्ट करने का प्रयास करता है। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसादअधिवक्ता ने कहा कि यह न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे परिवार के इतिहास और संस्कृति को भी दशार्ता है। तर्पण करने के दौरान उन्होंने अपने परिवार की परंपराओं और मूल्यों को याद किया, जो उन्हें अपने पूर्वजों से प्राप्त हुए हैं। इस अनुष्ठान के माध्यम से उन्होंने अपने संबंधों को मजबूत करने और अपने परिवार की एकता को बनाए रखने का संदेश दिया है।इस प्रकार, का यह कदम न केवल व्यक्तिगत श्रद्धा का उदाहरण है, बल्कि यह समाज में परंपराओं के प्रति जागरूकता फैलाने का भी कार्य करता है।

# स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत जिले में लगातार आयोजित की जा रही है जागरूकता अभियान

प्रातः किरण संवाददाता






आरा:स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण द्वारा आयोजित ह्यस्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में लगातार जन जागरूकता के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। एक पखवाड़े तक लगातार आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम उद्देश्य मात्र एक है स्वच्छता जगह-जगह, गली-गली हर मोड़ हर नुक्कड़ पर।

अभियान जिले के सभी 14 प्रखंडों में चलाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा भागीदारी की जा रही है। इनमें प्रमुख तौर पर स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग,जीविका आदि अग्रसर हैं। आज सभी प्रखंडों में व्यवहार परिवर्तन के उद्देश्य से हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित किया गया है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालयों को केंद्रित किया जा रहा है जिसमें बच्चों को नियम पूर्वक हाथ धोने को सिखाया जा रहा है ।

बच्चों को बताया गया कि खाने के पहले और शौच के बाद किस तरीके से हाथ धोया जा सकता है ।अगर हाथो की सफाई सही तरीके से की जाए तो बीमारीया हमसे कोसो दूर रहेगी ,गंदगी से होने वाली बीमारियां नहीं होगी और इससे पैसे की भी बचत होगी ।

वहीं स्कूल की बच्चियों को माहवारी प्रबंधन संबंधित जानकारी दी गई। उन्हें घरों से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचड़े को अलग - अलग रखना भी सिखाया गया। साथ ही बच्चों के बीच रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया ।विद्यालयों के बच्चों के द्वारा स्वच्छता आधारित रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया गया।

## देश में सहाकारिता को खत्म करने की हो हरी कोशिश:सांसद

प्रातः किरण संवाददाता



विक्रमगंज (रोहतास)प्रखंड क्षेत्र के डेढगांव ग्राम के पैक्स गोदाम परिसर में शनिवार को वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गयाजिसका उद्घाटन बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने किया। सासंद ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस देश में सहकारिता को समाप्त करने की कोशिश किया जा रहा है। वर्तमान सरकार पुंजिपतीयों को आश्रय देने का काम कर रही है। बिहार सरकार और केंद्र सरकार को वास्तविक किसानों से कोई लेना-देना नहीं है। इस देश में दो तरीके का कानून चलाया जा रहा है। अमीर लोगों के लिए अलग और गरीब किसानों के लिए अलग। किसानों से आग्रह किया कि आप मंथन किजिए। दुसरे जगहों पर दुध उत्पादन से किसानों की अच्छी आमदनी हो रही है। लेकिन बिहार में धान गेहूं में किसानों कोई आमदनी नहीं हो रहा है। यह चिंतनीय है। वहीं सुनील कुमार द्वारा बिक्रमगंज में आरा रांची ट्रेन के ठहराव को लेकर मांग किया गया जिसको लेकर सांसद ने संबंधित मंत्री व संसंद में मुद्दा उठाने की बात कही। वही प्रखंड के विभिन्न वार्डों मेंखराब स्ट्रीट लाइट को लगाए जाने का मुद्दा भी छाया रहा ।हर खेत तक बिजली की तार पोल लगाने की मांग किसानों ने किया जिसे सांसद गम्भीरता से लिया। वही आरंभ में विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया ।इस मौके पर, जिला सहकारिता पदाधिकारी नयन प्रकाश, सासाराम कोऑपरेटिव के उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, दावथ बीसीओ अखिलेश कुमार, समाज सेवी अभिषेक पटेल, शिव मूर्ति सिंह, भरत सिंह, मोहम्मद आदि लोग थे।

# आरा प्रखंड को बाढ़ क्षेत्र घोषित करने की मांग पर आरा अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन: क्यामुद्दीन अंसारी

- युद्ध स्तर पर बाढ़ राहत चलाने तथा बाढ़ प्रभावित गांव में सामुदायिक किचन की मांग

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने एक ब्यान जारी कर संवाददाताओं को बतलाए कि गंगा नदी मे आई बाढ से पुरी तरह प्रभावित आरा प्रखंड के 16 पंचायत को बाढ ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग पर बाढ पीड़ितों ने आरा अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन किया. इस प्रदर्शन मे बाढ प्रभावित गांव मे नाव यथाशीघ्र व्यवस्था करने,सामुदायिक किचन की व्यवस्था करने, सुखा भोजन का पैकेट जैसे चुड़ा-गुड़ चना,नमक,सतु, प्याज, कैंडिल,माचिस का वितरण करने,गरीबों के बीच त्रिपाल देने की भी मांग की गयी.बाढ से प्रभावित पशुओं के चारे का घोर संकट की भी चर्चा की गयी.

अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि जिला प्रशासन आरा प्रखंड से सौतेला व्यवहार कर रहा है. आरा सदर प्रखंड के देवढी, मोहनपुर,कड़रा,बेला,पवट, सेमरिया, धुधुआं, बारा-बसंतपुर, बलुआं, बड़की सनदियां डायवर्सन पर अब तक एक भी नाव की व्यवस्था नहीं की गयी है और नहीं कोई सामुदायिक किचन आरा सदर प्रखंड मे नहीं चल रहा है. माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने जोर देकर कहा है कि आरा सदर प्रखंड को शीघ्र बाढ ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया जाय. अंचल पदाधिकारी ने प्रदर्शन कर रहे बाढ पीड़ितों के प्रतिनिधि मंडल से मिलने से इंकार कर दिया. तत पश्चात अनुमंडल पदाधिकारी से दूरभाष पर बात हुई. सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने आश्वासन दिये कि आज ही आरा प्रखंड के दर्जनों गांव मे हम सामुदायिक किचन शुरू करेंगे. अनुमंडल पदाधिकारी ने हर संभव राहत कार्य आरा प्रखंड मे चलाया जायेगा. तथा शीघ्र कर्मचारियों को भेज कर रिपोर्ट मांग कर बाढ राहत शुरू करेंगे.

आज के प्रदर्शन मे सामिल लोगों मे किसान नेता हरेराम सिंह, महेश सिंह, भाकपा माले नेता उपेन्द्र पाल, जनार्दन गोंड़, भिखारी पासवान, रामनिवास बिन,राम अवध राम,विकास यादव,सत्यदेव यादव, योगेन्द्र यादव,

## लोहिया स्वच्छता अभियान में विद्यालय के छात्रों को किया गया जागरुक

प्रातः किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनवर्षा स्थित बलदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौपा में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु प्रखंड के प्रखंड समन्वयक आलोक आनंद ,उक्त पंचायत के मुखिया राजीव रंजन सिंह, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिवेंदु कुमार ,स्वच्छता पर्यवेक्षक अन्य शिक्षक-शिक्षिका और समस्त ग्रामीण व बच्चों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई। जिस कार्यक्रम में उक्त विद्यालय की ग्यारहवीं, दसवीं एवं नौवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता , चित्रकारी , निबंध प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम आयोजित की गई । कार्यक्रम तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को जो बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई वो काफी सराहनीय रहा । उक्त कार्यक्रम में बच्चों को जागरूक करते हुए स्वच्छता के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को स्वच्छ रहने के महत्व और उससे होने वाले लाभ व हानि के बारे में प्रखंड समन्वयक आलोक आनंद व स्थानीय मुखिया राजीव रंजन सिंह द्वारा बच्चों को जागरूक किया गया। साथ ही साथ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम निमित सभी के द्वारा वृक्षारोपण किया गया । जिसमें वृक्षारोपण के दौरान सागवान के पौधे लगाये गए । साथ ही कार्यक्रम के उपरांत स्वच्छता के प्रति बच्चियों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई । जिसमें प्रखंड समन्वयक आलोक आनंद , मुखिया राजीव रंजन सिंह , विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिवेन्दु कुमार,अन्य शिक्षक-शिक्षिका,स्थानीय ग्रामीण व बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिए जिस दौरान ग्रामीणों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए विभिन्न कार्यक्रमों को काफी पसंद एवं प्रशंसा की गई। मौके पर प्रखंड के अधिकारी,विद्यालय के प्रभारी एचएम,

शिक्षक-शिक्षिका बच्चे ,स्थानीय ग्रामीण समेत स्वच्छता कर्मी लोग मौजूद थे।

## एसबी कॉलेज मनायेगी अपनी स्वर्ण जयंती सह स्थापना दिवस



प्रातः किरण संवाददाता

सहजानंद ब्रह्मर्षि कॉलेज में आगामी दो दिवसीय कार्यक्रम के निमित बैठक रखा गया। जिसमे प्रधानाचार्य डॉ पूनम कुमारी ने बताया कि सहजानंद ब्रह्मर्षि कॉलेज आरा अपना स्वर्ण जयंती सह महाविद्यालय का स्थापना दिवस एवं रामधारी सिंह दिनकर की जन्म जयंती मानने जा रहा है। जिसमे विश्विद्यालय से माननीय कुलपति प्रो शैलेंद्र कुमार चतुवेर्दी, कुलसचिव प्रो रणविजय सिन्हा सहित पटना,रांची एवं अन्य विश्वविद्यालय से गणमान्य की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम (30 09 2024 से 01 10 2024 ) तक होगा । जिसमे महविद्यालय के सेवा निवृत प्राध्यापक सहित सभी मौजूद होंगे। कार्यक्रम वृहद रूप में होने जा रहा जिसके लिए सभी को जिम्मेदारी दी गई है। वही एनएसएस, एनसीसी के वोलंटियर्स का सहयोग भी लिया जाएगा।महाविद्यालय में पुस्तकालय का उद्घाटन एवं महाविद्यालय की ओर से एक पुस्तक का भी विवेचन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी पुराने छात्र छात्राओ को भी आमंत्रित किया है। बैठक में डॉ पंकज कुमार , डॉ मुकेश कुमार, डॉ उमेश कुमार, डॉ कौशल्या शर्मा, डॉ राकेश कुमार, डॉ नीतू देवी , डॉ अर्चना , डॉ स्मिता ठाकुर, डॉ कनक लता जी, डॉ अरविंद कुमार , दिव्यांशु मिश्रा, आदित्य सिंह ,सचिन कुमार आदि थे

## इनरव्हील क्लब ऑफ गया सनराइज और जीडी पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में पितृपक्ष में नि:शुल्क सेवा शिविर का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

गया।इनरव्हील क्लब ऑफ गया सनराइज और जीडी पब्लिक स्कूल के सहयोग से पितृपक्ष मेला में सीता कुंड में निःशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर का उद्घाटन पूर्व मंत्री अवधेश सिंह के द्वारा किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ अतिथि के रूप में रोमित कुमार एवं शशी शेखर शामिल हुए हैं। यहाँ पर गया के कई जाने माने डॉक्टर इवन अन्य सदस्य शामिल थे और यह सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। शिविर का संचालन स्नेहा शाही और धर्म शाही के द्वारा किया जा रहा है। इनरव्हील क्लब ऑफ गया सनराइज के सदस्य हर दिन सक्रिय रूप से इस सेवा में भाग ले रहे हैं और सैकड़ों तीर्थयात्रियों को फलों, जूस, बिस्कुट, दवाइयां और हर प्रकार की सहायता प्रदान कर रहे हैं।

## बड़हरा के विभिन्न गाँवों में बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यो का निरीक्षण करने नाव से पहुंचे विधायक

- कई गाँवो में सामुदायिक रसोई चलाने के निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



आरा/बड़हरा । बड़हरा विधानसभा मे बाढ़ की विभिषिका के बीच प्रशासन और जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संस्थानो द्वारा राहत कार्य चल रहे है।।

बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा लगातार क्षेत्रों का दौरा कर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

शनिवार को बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,राजस्व पदाधिकारी, मेडिकल टीम और कार्यकताओ के साथ केशोपुर से एनडीआरएफ द्वारा उपलब्ध नाव पर सवार हो कर नेकनामटोला, बखोरापुर, महुदही,हरखटोला,शालीग्रम के टोला सहित अन्य गाँवो का दौरा किए। उक्त दौरान नेकनामटोला के वार्ड चार और पाँच के बाढ़ पीड़ित ग्रामीण जनता की शिकायत पर विधायक के निर्देश से तत्काल मेडिकल शिविर लगा कर लोगो को जरूरी दवाईयां उपलब्ध कराया गया। विधायक और टीम ने ग्रामीण जनता से बातचीत कर बाढ़ मे राहत कार्यो का जायजा लिया गया।उक्त दौरान विधायक द्वारा पदाधिकारियों को उचित निर्देश दिया गया।

बड़हरा विधायक ने कहा कि लगातार मेरे द्वारा टीम बनाकर बाढ़ ग्रसित क्षेत्रो का दौरा हो रहा है।टीम के साथ प्रखंड के अधिकारी और मेडिकल टीम भी साथ रह रहे है।लोगो को किसी भी प्रकार की परेशानी को तुरंत समाधान किया जा रहा है। आज मैने सोहरा-त्रिभुआनी,केवटिया,पदमिनिया और बबुरा मे विस्थापित पीड़ितों के लिए सामुदायिक रसोई की व्यवस्था करने का निर्देश संबधित पदाधिकारी को दिया है। मैं चाहता हूँ कि इस विकट परिस्थिति मे किसी को परेशानी न हो।इसके लिए नाव,प्लास्टिक, दवाई, पशुचारा,राशन आदि की व्यवस्था कर दी गई है।

उन्होने कहा कि बहुत जल्द बड़हरा के गाँवो को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की घोषणा होगी।

दौरा के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,राजस्व पदाधिकारी, उज्जवल सिंह,निशांत सिःह सेंगर सहित अन्य लोग और सरकारी अधिकारी शामिल थे।

## मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत पुनर्वास कोष योजना को लेकर डीएम ने किया बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजनान्तर्गत सामाजिक पुनर्वास कोष योजना से संबंधित समाहरणालय परिसर में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि महिला एवं बाल विकास निगम के अन्तर्गत संचालित योजना पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में वन स्टॉप सेंटर एवं अन्य विभागों से उपलब्ध कराई गई लाभुकों की सूची का सत्यापन संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन कराई जा रही है।

जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि शीघ्र सत्यापन कर योग्य लाभुकों को राशि वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर जिला अभियोजन पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, जिला मिशन समन्वयक मिशन शक्ति के साथ अन्य उपस्थित रहे।

## आम जनता ने सासाराम अंचल अधिकारी के खिलाफ की शिकायत : आशुतोष

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष सिंह को किसानों ने,आम जनता ने सासाराम अंचल अधिकारी के खिलाफ में कई शिकायत किये और किसान आम जनता के बुलावे पर सासाराम अंचल कार्यालय के पास गए तो वहां पहले से अपर समाहर्ता रोहतास और रोहतास भू अर्जन पदाधिकारी,भूमि सुधार उपसमाहर्ता सासाराम पहले से मौजूद थे और किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष सिंह के नेतृत्व में आम जनता किसानों ने आंचलाधिकारी के खिलाफ में कई शिकायत और घूसखोरी का आरोप एडिएम के सामने लगाया गया,किसान आम जनता ने कई शिकायत अंचल अधिकारी के खिलाफ लगाकर हंगामा भी करने लगे,लेकिन किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष सिंह के समझाने पर लोग शांत हुए और कई लोगों ने कई आरोप लगाया सालों साल तक आंचल अधिकारी को दोवराने का आरोप लगाए बिना घूस के एक भी काम नहीं करने का आरोप लगाए और एक व्यक्ति ने अंचल अधिकारी पर गम्भिर आरोप लगाया के उन्हें कार्यालय के बाथरूम में आंचल अधिकारी के द्वारा मारपीट भी किया गया है जिसमें निर्मल शाह पिता स्वर्गीय ईश्वर दयाल शाह ने आरोप लगाया कि मेरे साथ 20/9/2024 को अंचल अधिकारी के द्वारा कार्यालय के अंदर बाथरूम में मारपीट किया गया है और रोहतास जिला भूतपूर्व सैनिक के जिला अध्यक्ष श्री परशुराम सिंह ने आरोप लगाया कि उनका दाखिल खारिज आवेदन 1 वर्ष से ज्यादा दिनों से पेंडिंग करके उन्हें दोवराया जा रहा है,संतोष सिंह वार्ड नंबर 13 फजलगंज ने आरोप लगाया कि परिमाजन हेतु उन्हें 10 महीना से दोहराया जा रहा है,दीनानाथ सिंह पूर्व मुखिया रामपुर ने आरोप लगाया कि मुझे दो वर्षों से परिमाजन हेतु दोवराया जा रहा है इस पर किसान ठउढ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने जिला रोहतास अपर समहारता चंद्रशेखर प्रसाद सिंह से निवेदन किया कि भ्रष्ट घूसखोर अंचल अधिकारी पर करी कानूनी कार्रवाई किया जाए और सभी आम जनता का जो पेल्डिंग जितने भी काम हैं जो सही हो उनको किया जाए आम जनता को परेशान नहीं किया जाए इस पर अपर समहार्ता रोहतास और अन्य अधिकारी ने आश्वासन दिया की अंचल अधिकारी सासाराम पर चार्ज करके उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी और सिविल लगाकर सभी लोगों का जल्द ही दाखिल खारिज परिमार्जन जितने भी कागजात पेंडिंग है उनको तुरंत ही करने का काम किया जाएगा

# प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ आरा के द्वारा युवा उत्कर्ष का आयोजन





प्रातः किरण संवाददाता

आरा। गायत्री शक्तिपीठ आरा मे प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ आरा के द्वारा युवा उत्कर्ष (युथ एक्सपो) का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य राष्ट्र के सांस्कृतिक उत्थान के साथ नैतिक, बौद्धिक और सामाजिक क्रांति द्वारा भारत को पुनः चक्रवर्ती और जगतगुरु राष्ट्र बनाने का संकल्पबद्ध अभियान प्रारंभ किया गया ।मोटिवेशनल स्पीकर मनीष कुमार ने युवा उत्कर्ष को संबोधित करते हुए कहा कि यह महापरिवर्तनकारी अभियान युवा शक्ति के बिना असंभव है। स्वस्थ, शालीन, परिश्रमी, स्वावलंबी और श्रेष्ठ युवा ही देश की रीढ़ और ऊर्जामय कड़ी मानी जाती है, जो भारत को पुनः अपने गौरवशाली रूप में विश्व मंच पर स्थापित कर सकता है। आज देश की तरुणाई ही भारत का स्वर्णिम इतिहास गढ़ सकता है ।कार्यक्रम में जिलें के विभिन्न इलाकों से हजारों युवाओं ने भाग लिया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देश के प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर, लाखों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और मार्गदर्शक मनीष कुमार का आगमन हुआ ।युवाओं को संबोधित करते हुए मनीष कुमार ने कहा कि आरा की धरती क्रांतिकारियों की धरती है, यहाँ की मिट्टी असाधारण है, देश आजादी की लड़ाई में 80 वर्ष की उम्र में बाबू वीरकुँवर सिंह ने अंग्रेजों से लोहा लिया। इंसान दुनिया में सफलता और असफलता का बीच का अंतर परिश्रम और मेहनत का है। प्रत्येक मनुष्य अपने भाग्य का निमार्ता स्वयं है जो जैसा सोचता है जैसा करता है वैसा बन जाता है। जो व्यक्ति जितना कठिन परिश्रम करता है, वह उतना ही सफल जीवन में होता है और मनुष्य परिश्रम तभी कर सकता है जब उसका मन और मस्तिष्क में ऊर्जा हो। व्यक्ति के जीवन मे नकारात्मक और सकारात्मक दो तरह की ऊर्जा विद्यमान है; नकारात्मक ऊर्जा मनुष्य को पतन की ओर ले जाती है वहीं सकारात्मक ऊर्जा मनुष्य को मानव से महामानव बना देती है। मनुष्य के अंदर समस्त शक्तियों का भंडार है वह अपने मनोबल, मनःशक्ति और आतमविश्वास से सब कुछ प्राप्त कर सकता है। अध्यात्म से बड़ा कोई विज्ञान नहीं है, अध्यात्म व्यक्ति के अंदर शक्ति जागृत करता है और इस विज्ञान को अपनाने का सही समय युवा अवस्था ही होता है और छात्र जीवन में युवाओं को खासकर आध्यात्मिक शक्ति की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। युवाओं को अपने अंदर के अंधकार को दूर करके अंदर ही ज्योति जलानी होगी। प्रत्येक युवा को अपना दीपक स्वयं बनाना चाहिए है ह्लअप्प दीपो भवः ह्ल अपना दीपक खुद बने; बाहर प्रकाश तलाशने की जरूरत नहीं है। अंतःकरण को पवित्र करके युवाओं को आगे बढ़ने की तैयारी करना चाहिए एवं विचार को बदलने के लिए साहित्यों को शरण लेना चाहिए। मनुष्य को अपने आंतरिक प्रसुप्त शक्तियों को जगाने के लिए नियमित ध्यान और गायत्री मंत्र करना चाहिए, इससे मनुष्य के अंदर सकारात्मक ऊर्जा और सकारात्मक विचार की हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते है। जो व्यक्ति नियमित गायत्री मंत्र और सूर्य का ध्यान करता है उसका मस्तिष्कीय क्षमता का विकास होता है इसके साथ मेमोरी पावर आईक्यूईक्यू लेवल बढ़ता है। गायत्री मंत्र युवाओं को स्मार्ट बनाने का मंत्र है जिससे युवाओं को सद्बुद्धि और सन्मार्ग मिलता है। वर्तमान समय में युवाओं को भटकाने वाले काफी साधन उपल्बध है जैसा कि फेसबुक, ह्वाटसअप, यूट्यूब इत्यादि जो कम उम्र के युवाओं को निगेटिव रास्ते के तरफ अग्रसर कर रही है। कम उम्र के युवाओं में यह सोच विकसित नहीं हो पाता कि क्या अच्छा है और क्या बुरा। अगर उनकी सोच में साकारात्मकता लाई जाए तो जिस संसाधन का उपयोग सकारात्मक कार्यों के लिए होनी चाहिए वो कभी भी उनका उपयोग नकारात्मक क्षेत्र में नहीं करेंगे। इन युवाओं के अन्दर सकारात्मकता पैदा मेडिटेशन के माध्यम से किया जा सकता है। आज युवा अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर तो बन रहे हैं लेकिन सेवा-भावी एवं इंसान या मानवता युक्त नहीं बन पा रहे हैं। इसका परिणाम सबसे अधिक परिवार को भुगतना पड़ रहा हैं। जब आप वृद्ध आश्रम में जाते हैं तो पता चलता है कि अच्छे-अच्छे अधिकारी के माँ-बाप इस में जिल्लत की जिंदगी जी रहे हैं। इन्हीं समस्याओं का समाधान अखिल विश्व गायत्री परिवार कर रहा है, जिसमें युवा प्रकोष्ठ युवाओं को सजग, जागरूक, शालीन और सभ्य बनाते हुए शिक्षित कर रहा ।कार्यक्रम को सफल बनाने में रामाधार सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह, अरविंद कुमार, लाल बाबू सिंह, प्रिंस रंजन, निशांत रंजन आदि भाइयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# जीबीएम कॉलेज में नाटक में अभिनय की प्रक्रिया विषय पर व्याख्यान-सह-लघु कार्यशाला का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में आईक्यूएसी एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त संयोजन में दिनांक 14 सितंबर, 2024 से 30 सितंबर, 2024 तक मनाये जा रहे हिन्दी पखवाड़े के तहत नाटक में अभिनय की प्रक्रिया पर एक-दिवसीय व्याख्यान-सह-लघु कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी, मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित जगजीवन महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार, जीबीएम कॉलेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. प्यारे माँझी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुरबाला कृष्णा, डॉ सुनीता कुमारी, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ रुखसाना परवीन एवं अन्य प्रोफेसर्स ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन करके किया। डॉ. सुरबाला कृष्णा ने प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. बाउरी एवं मुख्य वक्ता डॉ प्रदीप कुमार का स्वागत अंगवस्त्र पहना कर किया है। हिन्दी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सुनीता कुमारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। हिन्दी विभाग की छात्रा आशु, मानसी, श्वेता, अनुष्का शर्मा, आकांक्षा, शैली पाठक, दीपशिखा मिश्रा, श्रुति एवं नैना ने हिन्दी भाषा, राष्ट्र की भाषा एवं पिंगा गं पोरी...लटपट-लटपट कमर दामिनी, अधर रागिनी, हो... गीतों पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी है। छात्राओं ने कविता एवं गीतों की भी प्रस्तुति दी। मंच का संचालन करते हुए डॉ प्यारे मांझी ने छात्राओं से अमीर खुसरो द्वारा लिखी गयी पहेलियाँ पूछीं है। मुख्य वक्ता डॉ. प्रदीप कुमार ने कुशल अभिनय के लिए अच्छे संप्रेषण को अनिवार्य शर्त बताया है। मंचन के बिना नाटक को अधूरा बतलाते हुए डॉ. प्रदीप ने छात्राओं के समक्ष विभिन्न परिस्थितियाँ देकर आशु अभिनय करने कहा। उन्होंने कुशल अभिनेता बनने के लिए व्यक्तित्व की महानता और तथा संवेदनशीलता को जरूरी ठहराया है। कहा कि देखना ऑबजर्वेशन, कल्पना करना इमैजिनेशन एवं प्रकटीकरण अथवा संप्रेषण एक्सप्रेशन अच्छे अभिनय के लिए आवश्यक तत्व हैं। इस कार्यक्रम को संबोधित करती हुई कॉलेज पीआरओ डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने हिन्दी को समग्र हिन्दुस्तान के हृदय की भाषा बतलाया, जो देश की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए अत्यावश्यक है। डॉ. रश्मि ने अपने स्वरचित मुक्तक हृदय की प्यास है हिन्दी, हृदय की भूख है हिन्दी। विटप है यह वतन, तो कोकिला की कूक है हिन्दी। ये तुलसी-सी सुखद, पावन; प्रबल दिनकर सरीखी है। विचारों, भावनाओं से सजा संदूक है हिन्दीह्व द्वारा कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयत्न से ही हिन्दी राजभाषा से राष्ट्रभाषा बन सकेगी। हिन्दी की दुर्दशा के लिए अंग्रेजी एवं अन्य भाषाओं को दोष देते रहने की जगह हिन्दी के उत्थान हेतु मनसा वाचा कर्मणा प्रयत्न करना चाहिए। नैक समन्वयक डॉ शगुफ्ता अंसारी ने हिन्दी व्याकरण पढ़ते रहने की जरूरत पर बल दिया, ताकि बोलते, पढ़ते और लिखते समय त्रुटियाँ कम हों। उर्दू विभाग की नवनियुक्त सहायक प्राध्यापिका डॉ नुद्रुतुन निशा ने हिन्दी और उर्दू को बहन बताते हुए चर्चित शेर ह्लउर्दू और हिन्दी में बस फर्क है इतना, हम देखते हैं ख्वाब, वो देखते हैं सपनाह्व पढ़ा। इस कार्यक्रम में मनोविज्ञान के निदेशक शिवशंकर विक्रांत ने अपनी उपस्थिति दर्ज की.

# आर्यभट्ट सम्मान 2024 का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। जनपथ न्यूज एंड व्यूज ने अपना चौथा वार्षिकोत्सव सह आर्यभट्ट सम्मान 2024 का आयोजन पटना के होटल चाणक्य के दरबार हॉल में किया. इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री माननीय तार किशोर प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद के सदस्य डॉ अजय कुमार सिंह, बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज की. जनपथ न्यूज एंड व्यूज के वार्षिकोत्सव सह आर्यभट्ट सम्मान 2024 में विशिष्ट अतिथि के रूप में पटना उच्च न्यायलय के अधिवक्ता उपेंद्र प्रसाद, बिहार राज्य बार कॉउन्सिल पटना के विशेष लोक अभियोजक सह सदस्य अनुशासन समिति शिव कुमार यादव, पटना उच्च न्यायलय के अधिवक्ता श्रीमती वीणा कुमारीजयसवाल व कृषय बायोफ्यूल्स के निदेशक शिवशंकर विक्रांत ने अपनी उपस्थिति दर्ज की. जनपथ न्यूज एंड व्यूज के मुख्य संपादक राकेश कुमार कार्यक्रम में आये अतिथियों का बुके और अंग वस्त्र से सम्मानित व स्वागत किया और आर्यभट्ट सम्मान 2024 में पत्रकारिता के क्षेत्र से, समाज सेवा के क्षेत्र, स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र से, वकालत के क्षेत्र व अन्य क्षेत्रो से कई लोगो को सम्मानित किया गया. पत्रकारिता के क्षेत्र से नक्षत्र न्यूज चैनल के एडिटर श्रीकांत प्रत्युश, जी न्यूज बिहार झारखंड के ब्यूरो चीफ रजनीश, के संपादक कौशलेंद्र प्रियदर्शी यू एन आई के सब एडिटर प्रेम कुमार व अन्य लोगो को सम्मानित किया गया. समाज सेवा के क्षेत्र से संजय कुमार सिंह जो पूर्व लोकसभा चुनाव 2024 के प्रत्याशी व समाजसेवी और ग्रामीण साक्षरता मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल बैग का भीतर भी कर रहे हैं कोरोना कारण भी बहुत कुछ किया, समाजसेवी पीके चौधरी, रितेश कुमार सिंह दीपशिखा सिंह चौहान विलास कुमार व अन्य कई लोगो को आर्यभट्ट सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया. जनपथ न्यूज एंड व्यूज के मुख्य संपादक राकेश कुमार धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम का समापन किया ।

## कैंपस का एक्सक्लूसिव रिटेल स्टोर का उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना/ हावड़ा। स्पोर्ट्स और एथलेजर फुटवियर ब्रांडों में से एक कैंपस ने पश्चिम बंगाल के शिबपुर, हावड़ा में नया एक्सक्लूसिव रिटेल स्टोर लांच किया है।1,057 वर्ग फुट में फैला स्टोर विवेक विहार, जीटी रोड में स्थित है। यह उच्च गुणवत्ता वाले, फैशनेबल और किफायती स्नीकर्स की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। यह स्टोर ब्रांड की चल रही विकास यात्रा का एक हिस्सा है, जो लगातार फैशन को आगे बढ़ाने से लेकर छिपी मांग को पूरा करते हुए ग्राहक के अनुभव को बढ़ाने के लिए मल्टी-चैनल बिक्री दृष्टिकोण को अपना रहा है। स्टोर में कैंपस के बेहद मांग वाले स्नीकर्स और आधुनिक फुटवियर, नाइट्रो फ्लाई और नाइट्रो बूस्ट रेंज शामिल हैं। इस अवसर पर कैंपस 50% तक की छूट सहित विशेष प्रचार की पेशकश कर रहा है। कैंपस एक्टिववियर के सीईओ निखिल अग्रवाल ने कहा, हमारा नया स्टोर बेहतरीन खरीदारी अनुभव, बेहतर दृश्यता, किफायती कीमतें और बढ़ी हुई ग्राहक संतुष्टि का वादा करता है।

## एचएमडी ने 105 और 110 4जी फोन किया लांच

पटना। एचएमडी ने एचएमडी 105 4जी और एचएमडी 110 4जी फोन लांच किया है। इसे क्लाउड फोन ऐप के जरिये हर किसी को यूट्यूब, यूट्यूब म्यूजिक और यूट्यूब शॉर्ट्स जैसी आधुनिक सुविधा और मनोरंजन प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। ये फोन इस तरह अलग है कि इनसे प्री-लोडेड ऐप के जरिए बिना इंटरनेट एक्सेस के सुरक्षित तरीके से यूपीआई ट्रांजैक्शन किया जा सकता है। एचएमडी इंडिया एंड एपीएसी के सीईओ एवं वीपी, रवि कुंवर ने कहा कि उक्त दोनों फीचर फोन स्टाइलिश नए डिजाइन, यूट्यूब और यूपीआई क्षमता के जरिये मनोरंजन की सुविधा के साथ भारत में ताजातरीन नवोन्मेष पेश करने की हमारी विरासत के प्रतीक हैं। हमारा उद्देश्य है डिजिटल पहुंच के लिहाज से जो अंतर है उसे पाटना और सभी लोगों को वित्तीय पहुंच प्रदान करना।

## अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा जिला इकाई गया द्वारा सेवा शिविर का उद्घाटन डॉक्टर प्रेम कुमार ने किया



प्रातः किरण संवाददाता

गया ।विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला ज्ञान एवं मोक्ष की पावन भूमि गया जी में अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के बैनर तले, जिला इकाई गया द्वारा सेवा शिविर का उद्घाटन बिहार सरकार के मंत्री सहकारिता एवं पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग डॉक्टर प्रेम कुमार ने किया है। इस मौके पर अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा दक्षिण बिहार के महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी,पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजनंदन गांधी, जिला अध्यक्ष राकेश चंद्रवंशी, जिला महामंत्री संजय चंद्रवंशी, दयानंद चंद्रवंशी,शिवनारायण चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद उपेंद्र प्रसाद वार्ड पार्षद दीपक चंद्रवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक चंद्रवंशी, दयानंद चंद्रवंशी जिला महामंत्री, संजय चंद्रवंशी जिला महामंत्री, गोपाल चंद्रवंशी पूर्व नगर अध्यक्ष, दीनानाथ प्रसाद, मुकेश चंद्रवंशी सहित सैकड़ो चंद्रवंशी उपस्थित थे ।विगत कई वर्षों से महासभा के द्वारा मेला में आए हुए पिंडदानियों एवं तीर्थ यात्रियों की सेवा के लिए महासभा के द्वारा सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संगठन का उद्देश्य मेला में आए हुए लोगों का मार्गदर्शन करना है।

# साफ-सफाई व्यवस्था एव भीड़ नियंत्रण व्यवस्था को लेकर डीएम को सराहा

प्रातः किरण संवाददाता



गया। फ्रांस के भारत में राजदूत महामहिम थिएरी मथौ पिछले 19 सितंबर से 22 सितंबर तक बिहार के दौरे पर हैं। गया मोक्ष की भूमि है तथा यहां पितृपक्ष मेला आयोजित है। पितृपक्ष मेला में लाखों लाख की संख्या में लोग देश-विदेश से यहां आते हैं और अपने पूर्वजों की तर्पण करते हैं। आज अहले सुबह इच्छा जाहिर किया कि वह पितृपक्ष मेला को नजदीक से देखना चाहते हैं, सरकार एवं प्रशासन द्वारा पितृपक्ष मेला के अवसर पर कैसे और किस प्रकार तैयारी पिंडदानीयों के लिए करते हैं इसका वह महसूस करना चाहते हैं। वह शनिवार सुबह सीताकुंड पहुंचकर पिंडदानीयो द्वारा किए जा रहे तर्पण को देखा और समझा कि किस प्रकार से वह तर्पण करते हैं।
जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम में उन्हें पितृपक्ष मेला के अवसर पर देश विदेश के कोने-कोने से आने वाले सभी तीर्थ यात्रियों के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा दिए जाने वाले सुविधाओं के बारे में उन्हें बिंदुवार अवगत कराया है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2022 के पहले तीर्थ यात्री नदी में अर्थात बालू पर बैठकर पिंडदान करते थे, चुकी फल्गु नदी पितृपक्ष मेला अवधि में ज्यादातर सूखी रहती थी। लेकिन मुख्यमंत्री ने वर्ष 2022 में गया जी डैम का निर्माण कराया और व्यवस्था की गई कि सालों भर इस नदी में पानी रहे। इस भगीरथ प्रयास से सभी तीर्थयात्री काफी प्रसन्न दिखे हैं, जो उन्हें अपने पूर्वजों के तर्पण हेतु फल्गु का पानी मिल रहा है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि तीर्थ यात्रियों को देवघाट से सीता कुंड जाने के लिए काफी लंबा रास्ता तय करना पड़ता था इसे देखते हुए उन्होंने गया जी डैम को पूल से जोड़ते हुए सीतापथ का निर्माण करवाया जहां लोग अब आसानी से देवघाट से सीता कुंड जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि साल दर साल तीर्थ यात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है इसलिए राज्य सरकार द्वारा हर वर्ष नए-नए व्यवस्थाओं का आयाम लाया जा रहा है। इस वर्ष मुख्यमंत्री द्वारा विष्णुपद का लोकार्पण किया इस पथ के निर्माण होने से तीर्थयात्री जाम की समस्या से बचते हुए बाईपास पुल से सीधे घाट पर आ रहे और मंदिर दर्शन भी कर रहे। मुख्यमंत्री के भगीरथ प्रयास के कारण गया एवं बोधगया के हर घरों तक एवं सभी पिंड वेदी स्थल पर गंगाजल पहुंचाया गया है, जिससे लोग काफी प्रसन्न है। इसके अलावा इस वर्ष गंगाजल को पैकेजिंग कराकर तीर्थ यात्रियों के बीच उपहार स्वरूप वितरण कराया जा रहा है। फ्रांस के भारत में राजदूत महामहिम थिएरी मथौ ने इन सभी कार्यो को देख कर मुख्यमंत्री एव राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है ।इसके साथ ही उन्होंने जिला पदाधिकारी एव अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी के प्रति प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी भीड़ की संख्या को कंट्रोल करना काफी बखूबी रूप से किया जा रहा है। नदी के पानी को लगातार साफ करने की व्यवस्था इसके अलावा घाट में निरंतर हो रही सफाई पर भी खुशी जाहिर किया है। तीर्थ यात्रियों को कहीं कोई असुविधा नहीं हो इसके लिए घाट पर पुलिस बल भी लगातार यात्रियों को गाइड कर रहे हैं, जो अति बुजुर्ग तीर्थ यात्री हैं उन्हें व्हीलचेयर के माध्यम से सोशल वर्कर्स द्वारा उन्हें सहायता दी जा रही है।

## इनरव्हील क्लब ऑफ गया सनराइज ने नूतन नगर वार्ड के सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित




प्रातः किरण संवाददाता

गया।इनरव्हील क्लब ऑफ गया सनराइज द्वारा स्वच्छता दिवस पर नूतन नगर वार्ड के १२ सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर वार्ड परिषद सारिका कुमारी भी मोहजूद थी। क्लब की अध्यक्ष डॉ तेजस्वी नन्दन ने समाज में सफाई कर्मियों के अमूल्य योगदान को सराहते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया है। इस अवसर पर क्लब के सदस्य भारती सिंह एवं अनामिका सिंह ने सफाई कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से समाज स्वच्छ और स्वस्थ रहता है।यह सम्मान समारोह सफाई कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से आयोजित किया गया, ताकि वे अपने कार्य में निरंतर समर्पण और प्रेरणा के साथ जुटे रहें।

# नवादा को रेलवे में दो और बड़ी सौगात: सांसद विवेक ठाकुर

● नवादा वासी अब सीधे पटना आ जा सकेंगे: सांसद विवेक ठाकुर

प्रातः किरण संवाददाता

गया।भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा की नवादा वासियों को वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात के बाद दो और बड़ी सौगात मिली है। नवादा वासी अब सीधे पटना आ जा सकेंगे।
सांसद विवेक ठाकुर ने बताया की राजगीर से खुलने वाली राजगृह इंटरसिटी एक्सप्रेस का विस्तार तिलैया जंक्शन तक कर दिया गया है। इसके साथ ही बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस का विस्तार किऊल तक कर दिया गया है। बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस के विस्तार से अब लोग शेखपुरा, वारिसलीगंज, नवादा और तिलैया जंक्शन से सीधे पटना आ जा सकेंगे।विवेक ठाकुर ने कहा की यह क्षेत्रवासियों की बहुत दिनों से मांग थी, जो आज पूरा हुआ है। अब नवादा के लोग को पटना जाने और नवादा आने के लिए कहीं बीच में ट्रेन बदलने की



जरूरत नहीं पड़ेगी।विवेक ठाकुर ने बताया की रेलमंत्री से मुलाकात कर नवादा - बिहारशरीफ नई रेल लाइन के निर्माण तक वैकल्पिक व्यवस्था हेतु नवादा से पटना के लिए सीधे ट्रेन का आग्रह किया था, जिसपर उन्होंने अपनी सहमति दी थी। इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं आकांक्षी जिला नवादा और शेखपुरा के समस्याओं के प्रति संवेदनशील रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव जी का समस्त नवादा वासियों की तरफ से कोटि कोटि आभार।

# पटना में निःशुल्क लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी कैम्प का हुआ आयोजन

## पारस गुरुग्राम के प्रसिद्ध लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. वैभव कुमार ने दिया निःशुल्क परामर्श

■ पारस एचएमआरआई जल्द ही लिवर ट्रांसप्लांट की सेवाएं पटना में शुरू करने जा रहा है

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पटना के पारस एचएमआरआई में शनिवार (21 सितंबर) को निःशुल्क लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप को शानदार प्रतिक्रिया मिली और 55 की संख्या में मरीज यहां अपनी लिवर संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे। कैंप में गुरुग्राम से आए प्रसिद्ध लिवर ट्रांसप्लांट एंव जीआई सर्जन डॉ. वैभव कुमार ने मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। यह शिविर सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक चला। डॉ. वैभव कुमार ने बताया कि लिवर की बीमारी के शुरूआती लक्षणों जैसे थकान, भूख न लगना, पेट में सूजन, आंख या त्वचा में पीलापन को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह लक्षण एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकते हैं। ऐसे मामलों में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए ताकि समय रहते इलाज शुरू किया जा




सके। साथ ही बताया कि हर महीने के तीसरे बुधवार को हमारी ओपीडी पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल में रहेगी।
इस अवसर पर सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ. ए ए हई ने बताया कि लिवर की समस्या से आज अधिकांश लोग परेशान हैं। मोटापा, शुगर और हाई कॉलेस्टेरोल नॉन अल्कोहोलिक फैटी लिवर का कारण बन सकता है, जिससे सिरोसिस और लिवर कैंसर होता है। इसलिए लिवर का ध्यान रखें। ब्रेड और चीनी के बजाय फल और सब्जियां खाएं।
शिविर के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डायरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि अस्पताल जल्द ही लिवर ट्रांसप्लांट की सेवाएं शुरू करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे बिहार और आसपास के क्षेत्र के लोगों को लिवर ट्रांसप्लांट के लिए दूसरे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे मरीजों का समय और संसाधन दोनों बचेगा।
इस मौके पर फैसिलिटी डायरेक्टर पारस गुरुग्राम की सीमा विग, सिनियर कंसल्टेंट डॉ. सत्यम सिन्हा एंव सिनियर कंसल्टेंट डॉ. करण भार्गव ने भी अपने विचार रखे।

### पारस एचएमआरआई के बारे में

पारस एचएमआरआई, पटना बिहार में 2013 से कार्यरत है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए जाना जाता है।

# पूर्व बिहार विधान परिषद के प्रोफेसर ने चलाया सदस्यता अभियान



प्रातः किरण संवाददाता

अरवल । भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत पूर्व बिहार विधान परिषद प्रोफेसर रामकिशोर सिंह ने कलेर प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों में सदस्यता अभियान को गति देने के लिए आम आवाम से मुलाकात कर सदस्य बनायो रामकिशोर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कारण हमारे घरों में खुशहाली आई है एवं रोजगार का सृजन भी हुआ है हमें आयुष्मान कार्ड भी मिला है और प्रधानमंत्री आवास योजना भी मिला है और प्रति माह हर परिवार को अनाज भी मिल रहा है प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में नागरिक जीवन के ही नहीं बल्कि जीने और रहने के सभी मानकों पर आज देश प्रगतिशील देश के साथ सबका साथ सबका विकास एवं सब का प्रयास का मूल मंत्र को लेकर देश का सार्वभौमिक विकास तेजी से हो रहा हैइस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राम विनय शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भास्कर कुमार मौजूद थे

# 776 सीढ़ियों को चढ़कर यात्रियों को कतार में लगाते रहे डीएम



प्रातः किरण संवाददाता

गया। पितृपक्ष मेला 17 सितंबर से प्रारंभ है। हर दिन लाखों लाख की संख्या में तीर्थयात्री अपने पूर्वजों की तर्पण गयाजी के विभिन्न वेदी स्थलों पर कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज प्रेतशिला वेदी स्थल पर अत्यधिक भीड़ होने की सूचना प्राप्त होते ही जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम स्वमं पहुंचकर भीड़ प्रबंधन का जायजा लेने लगे। प्रेतशिला के ऊपर जाने वाली सीढ़ियों पर भारी भीड़ यात्रियों की देखी गयी है। डीएम स्वमं 776 सीढ़ियों को चढ़ते हुए तीर्थयात्रियों को कतार में लगाने लगे, ताकि सीढ़ी चढ़ने वाले यात्री और सीढ़ी से उतरने वाली यात्रियों को किसी प्रकार का कोई समस्या नही हो सकें चुकी प्रेतशिला में 776 सीढ़ी है सभी सीढियां पूरी तरह खड़ी रूप में हैं। डीएम ने प्रेतशिला के ऊपरी चोटी पर पहुच कर यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं को देखा और निर्देश दिया कि चुकी सीढ़िया की संख्या काफी ज्यादा है बाबजूद लोग पिंडदान करने ऊपर चोटी पर आते हैं, उनकी व्यवस्था में कोई कमी नही रखे, पानी टॉयलेट की पूरी व्यवस्था रखे। पानी सप्लाई बंद बिल्कुल नही हो, टॉयलेट की सफाई लगातार हो, इसे सुनिश्चित करे। इसके साथ ही छोटी पर नोडल पदाधिकारी के रूप में अंचलाधिकारी नगर को लगाया है ।जो पूरी व्यवस्था को निगरानी करेंगे। इसके साथ ही प्रेतशिला के नीचे सीढ़ी पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर को लगाया गया है ।जो केवल भीड़ प्रबंधन को देखेंगे। इसके अलावा प्रेतशिला वेदी के सम्पूर्ण प्रभार में जोनल पदाधिकारी सह वरीय उप समाहर्ता धीरज कुमार एव जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि लगातार भीड़ पर नजर रखे। भीड़ कही भी स्थिर नही हो, भीड़ लगातार मूवमेंट करते रहे, इसे देखते रहे हैं। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजस्व, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पिंडदानी, सुविधाओं का जायजा लेने सीताकुंड पहुंचे जिलाधिकारी

प्रातः किरण संवाददाता



गया। पितृपक्ष मेला 2024 के अवसर पर देश विदेश से आए लाखों की संख्या में पिंडदानियों को जिला प्रशासन द्वारा दिए जा रहे सुविधाओं का जायजा लेने जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम सीताकुंड पहुंचे। आज के तिथि के अनुसार सीता कुंड एव देवघाट में पिंडदान तर्पण करने की मान्यता है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा बनाए गए शौचालय तथा नगर निगम गया द्वारा बनाए गए शौचालयों के सफाई का घूम घूम कर निरीक्षण किया है। नगर निगम के सफाई कर्मी को निर्देश दिया कि शौचालयों की साफ सफाई और निरंतर ढंग से करवाएं ताकि तीर्थयात्री उसे अच्छे से प्रयोग कर सकें। इस निरीक्षण के दौरान घाट पर यत्र तत्र साफ-सफाई देखकर उसे ओर अधिक संख्या में कर्मियो को लगाकर नदी के किनारे किनारे जाल से पानी की सफाई व्यवस्था, शेष बचे पितृपक्ष मेला के तिथियों में करावे। एसडीआरएफ की टीम को निर्देश दिया कि नाव के माध्यम से लगातार फल्गु नदी का निगरानी रखें ताकि कहीं कोई समस्या आने पर उसे तुरंत रिस्पॉन्ड करते हुए बचाया जा सके। जिलाधिकारी ने घाट पर अनेक तीर्थ यात्रियों से प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में फीडबैक भी लिया है। सभी तीर्थ यात्रियों ने बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन की तारीफ करते हुए कोटि-कोटि धन्यवाद दिया है।इसके बाद सीता कुंड से सीता पथ होते हुए डैम के पूल होते हुए देव घाट शमशान घाट तक असामाजिक तत्वों को रोको टोको करवाया गया एवं उनलोगों से जानकारी ली गयी कि किस कारण से भीड़ में बेवजह खड़ा है और स्पष्ट जबाब नही देने वाले को घाट से बाहर भेजने का निर्देश दिए हैं। इसके उपरांत गजाधर घाट पर एक अति बुजुर्ग तीर्थयात्री जो चल नहीं सकते थे। जिलाधिकारी ने उन्हें व्हीलचेयर उपलब्ध करवाकर उन्हें नदी से बाहर लाया एव व्हील चेयर पर बैठा कर उन्हें देवघाट से मंदिर के बाहर पहुंचाया गया है। देवघाट पर पिंड दान कर रहे एक यात्री ने देखा कि जिलाधिकारी ने व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं ।उतने में वो यात्री सामने आकर व्यवस्थाओ पर कोटि कोटि ध्यानवाद देने लगे। यात्री ने कहा कि हम सभी तीर्थ यात्रियों के बारे में इतना कुछ सोचकर हर एक छोटी-छोटी चीजों पर व्यापक व्यवस्थाएं रखी है। साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था रखी है। यह काफी काबिले तारीफ है और तीर्थ धामो के अपेक्षा में गया जिला में अत्यंत काफी उत्कृष्ट व्यवस्था इस वर्ष बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा रखी गई है।
विष्णुपद मंदिर गर्भगृह निरीक्षण के दौरान कहा कि यात्रियों की भीड़ ज्यादा है। हर हाल में फिसलन को रोकना है। गर्भगृह के निकास द्वार से लेकर पीछे के दक्षिण की ओर दरवाजा तक एव सोलह वेदी की ओर आने वाले रास्ता में पूरी तरह निरंतर साफ सफाई करवाते रहने का निर्देश दिया है। यात्रियों की निकास प्रोपर अच्छा से करवाते रहने को कहा है। सुबह 5 बजे से 12 बजे तक ही ज्यादा भीड़ रहती है, उसके बाद लोग अपने अपने आवासन में चले जाते हैं। सुबह के समय पूरी अलर्ट एव मुस्तैदी से कार्य करे। सभी चीजो पर निगरानी रखे। इस निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कहा कि संवाद सदन कार्यालय एवं विष्णुपद मंदिर के बीच वाले रास्ते में तीर्थयात्री का तार बाद में मंदिर दर्शन करने जा रहे हैं इसे ध्यान में रखते हुए सड़क पर कारपेट बिचवा एवं उन्हें कड़ी धूप से बचाव हेतु सड़क पर कुछ-कुछ दूरी पर पंडाल लगाने के लिए कहा है जिससे उन्हें धूप से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि तीर्थ यात्री नंगे पर खड़े रहते हैं इसका ख्याल रखते हुए आज ही यह व्यवस्था कायम करावे। इसके बाद जिलाधिकारी ने अपने हाथों से 100 से अधिक तीर्थ यात्रियों को गंगाजल का पाउच उपहार के स्वरूप उनके हाथों में दिया है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के भगीरथ प्रयास से गया जी में गंगा जल लाया गया है और यह गंगाजल आप सभी को पैक करा कर पाउच के माध्यम से उपहार के स्वरूप दिया जा रहा है। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा बोधगया स्थित निगम मॉनेस्ट्री अवसान स्थल का निरीक्षण किया गया है। इस निरीक्षण में पाया गया कि लगभग 6000 तीर्थयात्री वहां अवसान कर रहे हैं। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बोधगया को निर्देश दिया की साफ सफाई एवं पेयजल की उपलब्धता में कोई कमी नहीं रखें। जरूरत पड़ने पर टीम की संख्या को और बढ़ाओ और निरंतर सफाई करवाए। इसके बाद वह सीधे धर्मारण्य वेदी पहुंचे, यहां भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। हर एक चीजों पर घूम-घूम कर निरीक्षण किया एवं स्थानीय पुरोहितों एवं तीर्थ यात्रियों से व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया। सभी तीर्थयात्री जो पिंडदान कर रहे थे, काफी खुशी प्रकट किया है एवं आभार जताया है कि हम सभी तीर्थ यात्रियों के लिए व्यवस्था पूरी तरह मुकम्मल है। इस निरीक्षण के क्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, वरीय उप समाहर्ता गण, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत पूर्व बिहार विधान परिषद प्रोफेसर रामकिशोर सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष राम विनय शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भास्कर कुमार ने कलेर प्रखंड के कई गांव में सदस्यता अभियान को गति देने के लिए आम आवाम से मुलाकात कर सदस्य बनाया। खेत में काम कर रहे मजदूरों की नजर प्रो रामकिशोर सिंह पर पड़ी तब मजदूर इक्कठा होकर वृक्ष की छाया में आए जब उन्हें पता चला की भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया जा रहा है, तब उन्होंने स्वयं कहा कि मुझे भी सदस्य बनाए आज आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कारण हमारे घरों में खुशहाली आई है एवं रोजगार का सृजन भी हुआ है हमें आयुष्मान कार्ड भी मिला है और प्रधानमंत्री आवास योजना भी मिला है और प्रति माह हर परिवार को अनाज भी मिल रहा है अतः हमें भी परिवार सहित भाजपा का सदस्य बना कर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत कीजिए। प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में नागरिक जीवन के ही नहीं बल्कि जीने और रहने के सभी मानकों पर आज देश प्रगतिशील देश के साथ सबका साथ सबका विकास एवं सब का प्रयास का मूल मंत्र को लेकर देश का सार्वभौमिक विकास तेजी से हो रहा है

